# इलाहाबाद उच्च न्यायालय समीक्षा अधिकारी (R.O.) परीक्षा, 2016
# (व्याख्यात्मक हल सहित)

**सीरीज - D** **परीक्षा तिथि - 08/01/2017**

**1. एक खाद्य श्रृंखला में कौन-से जीव 'अपघटक' होते हैं?**

(a) जीवाणु और कवक (b) प्रोटोजोआ और शैवाल
(c) लाइकेन और फर्न (d) पौधे और जंतु

**उत्तर–(a)**

खाद्य श्रृंखला में अपघटक के अंतर्गत मुख्यतः जीवाणु और कवक आते हैं। ये मृत उत्पादक एवं उपभोक्ताओं का अपघटन कर उन्हें भौतिक तत्वों में परिवर्तित कर देते हैं।

**2. निम्नलिखित में से कौन जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है?**

(a) ओजोन छिद्र (b) ग्लोबल वॉर्मिंग
(c) अम्ल वर्षा (d) चक्रवात

**उत्तर–(b)**

जलवाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड, मेथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन आदि गैसें ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देती हैं जो जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार एक प्रमुख कारक है।

**3. निम्नलिखित में से कौन-से मिश्रण में से उसके घटकों को एक प्रक्रिया से अलग किया जा सकता है, जिसमें-पानी मिलाना, आलोइन (स्टिरिंग) और निस्यंदन शामिल होगा।**

(a) सामान्य नमक और चीनी
(b) गेहूं का आटा और चारकोल पाउडर
(c) गेहूं का आटा और कीचड़
(d) चीनी और गेहूं का आटा

**उत्तर–(d)**

चीनी और गेहूं के आटे के मिश्रण को पानी में मिलाकर अच्छी तरह घोल लेंगे। फिर फिल्टर पेपर से छान लेंगे। फिल्टर पेपर के ऊपर गेहूं का आटा रह जाएगा जबकि चीनी, पानी के घोल के साथ निस्यंद (Filtrate) रूप में प्राप्त होता है।

**4. Ca और OH की संयोजकताएं क्रमशः 2 और 1 दी गई हैं। कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का आणविक सूत्र क्या है?**

(a) $Ca(OH)_3$ (b) $Ca(OH)_2$
(c) Ca(OH) (d) CaO

**उत्तर–(b)**

कैल्शियम (Ca) की संयोजकता 2 तथा हाइड्रॉक्साइड (OH) की संयोजकता 1 है। अतः कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का आणविक सूत्र $Ca(OH)_2$ होगा।

**5. जिंक के साथ तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया होने पर कौन-सी गैस उत्पन्न होती है?**

(a) हाइड्रोजन (b) सल्फर डाइऑक्साइड
(c) क्लोरीन (d) कार्बन डाइऑक्साइड

**उत्तर–(a)**

जिंक के साथ तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया होने पर हाइड्रोजन गैस उत्पन्न होती है तथा जिंक क्लोराइड बनता है।

$$Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$$

**6. निम्नलिखित यौगिकों में से किसका जलीय विलयन नीले लिटमस को लाल कर देता है?**

(a) सोडियम क्लोराइड
(b) कॉपर सल्फेट
(c) सल्फर डाइऑक्साइड गैस
(d) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

**उत्तर–(c)**

सल्फर डाइऑक्साइड जल के साथ क्रिया करके सल्फ्यूरस अम्ल का निर्माण करता है, जो नीले लिटमस को लाल कर देता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**7. एक तत्व X की परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या क्रमशः 15 और 31 है।**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनों की संख्या | प्रोटॉनों की संख्या | न्यूट्रॉनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (i) | 15 | 15 | 16 |
| (ii) | 31 | 15 | 15 |
| (iii) | 31 | 31 | 15 |
| (iv) | 15 | 16 | 15 |

**निम्नलिखित में से कौन-सा X को दर्शाता है?**

(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) (iv)

**उत्तर–(a)**

प्रोटॉनों की संख्या = परमाणु क्रमांक = इलेक्ट्रॉनों की संख्या
न्यूट्रॉनों की संख्या = द्रव्यमान संख्या - प्रोटॉनों की संख्या
$= 31 - 15$
$= 16$
अतः इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 15
प्रोटॉनों की संख्या = 15
न्यूट्रॉनों की संख्या = 16

**8. एक गेंद को उर्ध्वाधर रूप से ऊपर की ओर फेंका जाता है। उसका अपनी गति के दौरान -**

(a) वेग और त्वरण दोनों कम हो जाते हैं।
(b) वेग और त्वरण दोनों बढ़ जाते हैं।
(c) वेग घटता है लेकिन त्वरण बढ़ जाता है।
(d) वेग घटता है लेकिन त्वरण एकसमान रहता है।

**उत्तर–(d)**

उर्ध्वाधर ऊपर की ओर गति के दौरान वेग घटता है तथा उच्चतम बिंदु पर वेग शून्य हो जाता है। यदि वस्तु के वेग में बराबर समयान्तरालों में बराबर परिवर्तन हो रहा है, तो उसका त्वरण 'एकसमान' कहलाता है।

**9. यदि वस्तु पर लागू कुल बल शून्य है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) वस्तु केवल स्थिर अवस्था में हो सकती है।
(b) वस्तु केवल एकसमान वेग से गति कर सकती है।
(c) वस्तु या तो स्थिर अवस्था में हो सकती है या एक समान वेग से गति कर सकती है।
(d) वस्तु केवल परिवर्तनशील वेग से गति कर सकती है।

**उत्तर–(c)**

न्यूटन के गति के प्रथम नियम के अनुसार, यदि कोई वस्तु विराम की अवस्था में है, तो वह विरामावस्था में ही रहेगी और यदि वह एकसमान गति से किसी सीधी रेखा में चल रही है, तो वैसे ही गतिमान रहेगी, जब तक कि उस पर कोई बाह्य बल न लगाया जाए। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**10. विभिन्न माप और आकार के चार डिब्बों को एक समान गहराई तक एक ही प्रकार के तरल पदार्थ से भरा जाता है, तो........**

(a) प्रत्येक डिब्बे के तल पर तरल पदार्थ द्वारा लगाया गया बल समान होता है।
(b) प्रत्येक डिब्बे के तल पर तरल पदार्थ द्वारा लगाया गया दबाव समान होता है।
(c) सबसे अधिक तल के क्षेत्रफल वाले डिब्बे के तल पर सबसे कम दबाव होता है।
(d) सबसे अधिक तल के क्षेत्रफल वाले डिब्बे के तल पर सबसे अधिक दबाव होता है।

**उत्तर–(b)**

द्रव दाब के नियम (Laws of liquid pressure) के अनुसार, द्रव अर्थात तरल पदार्थ द्वारा लगाया गया दाब गहराई तथा घनत्व के अनुक्रमानुपाती होता है। द्रव दाब पात्र अर्थात डिब्बों के क्षेत्रफल पर निर्भर नहीं करता है। अतः प्रश्नगत प्रत्येक डिब्बे के तल पर तरल पदार्थ द्वारा लगाया गया दाब समान होगा।

**11. वाट-सेकंड किसकी एक इकाई है?**

(a) बल (b) गति
(c) शक्ति (d) ऊर्जा

**उत्तर–(d)**

वाट-सेकंड (Watt second) तथा जूल (Joule) ऊर्जा की इकाई हैं। ऊर्जा की इकाई जूल व्यवहारिक दृष्टि से बहुत पड़ता है। अतः वैद्युत ऊर्जा का मूल्य निकालने के लिए जूल के स्थान पर ऊर्जा का एक विशेष मात्रक प्रचलित है जिसे किलोवॉट-घंटा अथवा 'बोर्ड ऑफ ट्रेड यूनिट' (B.T.U.) कहते हैं। साधारण बोल-चाल में इसे केवल 'यूनिट' कहते हैं।
1 किलोवॉट -घंटा = $3.6 \times 10^6$ वॉट-सेकंड = $3.6 \times 10^6$ जूल

**12. एक अनुदैर्ध्य ध्वनि तरंग में माध्यम के कण ...... गति करते हैं।**

(a) अपनी विराम अवस्था से आगे-पीछे विक्षोभ के संचरण की दिशा के समानांतर दिशा में
(b) अपनी विराम अवस्था से आगे-पीछे विक्षोभ के संरचण की दिशा के लंबवत दिशा में
(c) एक स्थान से अन्य स्थान पर विक्षोभ के संचरण की दिशा के समानांतर दिशा में
(d) एक स्थान से अन्य स्थान पर विक्षोभ के संचरण की दिशा के लंबवत दिशा में

**उत्तर–(a)**

एक अनुदैर्ध्य ध्वनि तरंग में माध्यम के कण अपनी विरामावस्था से आगे-पीछे विक्षोभ के संचरण की दिशा के समानांतर दिशा में गति करते हैं। जब किसी माध्यम में अनुदैर्ध्य तरंगें संचरित होती हैं, तो उस माध्यम में किसी भी क्षण संपीडन व विरलन की दशाएं एकांतर क्रम में विद्यमान रहती हैं। ये दशाएं तरंगों के चलने की दिशा में आगे बढ़ती हैं।

**13. एक गेंद को एक समतल दर्पण के समाने 40 सेमी. की दूरी पर रखा गया है। गेंद और प्रतिबिंब के बीच की दूरी है-**

(a) 40 सेमी. (b) 80 सेमी.

(c) 120 सेमी. (d) 160 सेमी.

**उत्तर–(b)**

समतल दर्पण में किसी वस्तु का प्रतिबिंब दर्पण के पीछे उतनी ही दूरी पर बनती है, जितनी दूरी पर वस्तु दर्पण के आगे रखी होती है। अतः उपर्युक्त प्रश्न में गेंद और प्रतिबिंम्ब के बीच की दूरी 80 सेमी. (40 सेमी. + 40 सेमी.) होगी।

**14. उस दृष्टि दोष को क्या कहते हैं जिसके कारण एक व्यक्ति निकट की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने में असमर्थ होता है?**

(a) मायोपिया (b) हाइपरमैट्रोपिया

(c) प्रैस्बायोपिया (d) ऐस्टिगमैटिज्म

**उत्तर–(b)**

ऐसा दृष्टि दोष जिसमें दूर की वस्तु स्पष्ट किंतु निकट की वस्तु अस्पष्ट दिखाई दे तो उसे दूर-दृष्टि दोष या हाइपरमैट्रोपिया कहते हैं। इस दोष के निवारण के लिए उपयुक्त फोकस दूरी के उत्तल लेंस का प्रयोग किया जाता है।

**15. तारों का टिमटिमाना वायुमंडलीय ......का एक परिणाम है।**

(a) परावर्तन

(b) अपवर्तन

(c) प्रकीर्णन (स्कैटरिंग)

(d) परिक्षेपण (डिस्पर्ज़न)

**उत्तर–(b)**

वायुमंडल में वायु की विभिन्न घनत्व वाली कई परतें पाई जाती हैं। जब तारों से प्रकाश चलता है तो उसका विभिन्न परतों में लगातार अपवर्तन होता रहता है। चूंकि वायु की परतें स्थिर नहीं होती, इसलिए तारे हमें टिमटिमाते हुए प्रतीत होते हैं।

**16. 2A की विद्युत धारा 10 के प्रतिरोध से 20 मिनट के लिए प्रवाहित होती है। प्रतिरोध से एक सेकंड में प्रवाहित होने वाले आवेश की मात्रा है।**

(a) 2C (b) 4C

(c) 20C (d) 40C

**उत्तर–(a)**

आवेश = वैद्युत धारा × समय

$= 2 \times (20 \times 60)$

$= 2 \times 1200$

= 2400 कूलॉम

चूंकि 1200 सेकंड में 2400 कूलॉम आवेश प्रवाहित होता है। अतः 1 सेकंड में प्रवाहित होने वाले आवेश की मात्रा

$\frac{2400}{1200}$ कूलॉम

**17. एक मोटर एक ऐसा उपकरण है, जो ........... रूपांतरित करता है।**

(a) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

(b) विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा ऊर्जा में

(c) ऊष्मा ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

(d) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

**उत्तर–(d)**

मोटर (Motor) एक युक्ति है जो वैद्युत ऊर्जा (Electrical Energy) को यांत्रिक ऊर्जा (Mechanical Energy) में रूपांतरित करती है। विद्युत मोटरों का उपयोग विद्युत पंखों, वाशिंग मशीनों, रेफ्रिजरेटरों, मिक्सर एवं ग्राइंडर तथा अनेक युक्तियों में किया जाता है।

**18. जीवाश्म विज्ञानी (पेलेन्टोलॉजिस्ट) कौन होता है? जो ....... ......... का अध्ययन करता है।**

(a) फॉसिल्स (b) रॉक्स एंड मिनरल्स

(c) प्लांट स्ट्रक्चर (d) एनिमल फिजियोलॉजी

**उत्तर–(a)**

विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत पौधों एवं जंतुओं के जीवाश्मों का अध्ययन किया जाता है, जीवाश्म विज्ञान या जीवाश्मिकी कहलाता है। जो फॉसिल्स या जीवाश्म का अध्ययन करता है, उसे जीवाश्म विज्ञानी कहते हैं।

**19. जैविक ऊर्जा ...........है।**

(a) डी.एन.ए. (b) आर.एन.ए.

(c) ए.टी.पी (d) कार्बोहाईड्रेट

**उत्तर–(c)**

एडीनोसीन ट्राइफास्फेट (ATP) उच्च ऊर्जायुक्त न्यूक्लिओटाइड्स हैं जो कोशिकाओं में स्वतंत्र रूप से पाए जाते हैं और ऊर्जावाहकों का काम करते हैं। ऊर्जा विनिमय का ADP ATP ADP चक्र सारी कोशिकाओं में 'ऊर्जा-शटल' की भांति कार्य करता है।

**20. 'जाति' के बारे में कौन-सा कथन सही है? इसके सदस्य.........।**

(a) बिना विविधता के बिल्कुल समान गुण वाले होते हैं?

(b) अंतर प्रजनन करने में सक्षम हैं और प्रजननक्षम संतान उत्पन्न करते हैं।

(c) एक एकल जनसंख्या का निर्माण करते हैं और एक भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं।

(d) अलग-अलग वंश से संबंधित हो सकते हैं।

**उत्तर–(b)**

जाति या स्पीशीज (Species) वर्गीकरण की प्रणाली में सबसे छोटी इकाई होती है। इसके सदस्य अंतर प्रजनन (Interbreed) करने में सक्षम होते हैं और प्रजननक्षम संतान उत्पन्न करते हैं।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव अंग एंजाइमों के साथ ही हॉर्मोन भी स्रावित करता है?**

(a) यकृत (b) अग्न्याशय

(c) गुर्दा (d) हृदय

**उत्तर–(b)**

अग्न्याशय मानव शरीर में यकृत के बाद दूसरी सबसे बड़ी ग्रंथि है। यह एक मिश्रित ग्रंथि है जो अंतःस्रावी तथा बहिःस्रावी दोनों की तरह कार्य करता है। यह एंजाइमों के साथ ही हॉर्मोन भी स्रावित करता है।

**22. हृदय एक ऊतक से बना है, जो इसे लयबद्ध ढंग से सिकुड़ा और शिथिल करता जाता है। यह ऊतक किस प्रकार का होता है?**

(a) वाहिका (एपीथीलियल) (b) संयोजी (कनैक्टिव)

(c) मांसपेशीय (मस्कुलर) (d) तंत्रिका (नर्वस)

**उत्तर–(c)**

पेशीय ऊतक (Muscular Tissue) तीन प्रकार की होती हैं- रेखित पेशियां, अरेखित पेशियां तथा हृद पेशियां। हृदय की दीवार हृद पेशियों की बनी होती है। इसीलिए इसे हृद पेशी अर्थात मायोकार्डियम कहते हैं । रचना में ये पेशियां रेखित पेशियों जैसी होती हैं किंतु इनका आकुंचन अरेखित पेशियों की भांति अर्थात अनैच्छिक होता है।

**23. पौधों की पत्तियों का हरा रंग किस वर्णक की उपस्थिति के कारण होता है?**

(a) जैन्थोफिल (b) मेलानिन

(c) क्लोरोफिल (d) हीमोग्लोबिन

**उत्तर–(c)**

क्लोरोफिल नामक वर्णक की उपस्थिति के कारण पत्तियों का रंग हरा होता है।

**24. निम्नलिखित में से कौन-सी एक विषाणुजनित बीमारी नहीं है?**

(a) एड्स (b) डेंगू

(c) क्षय रोग (d) चिकनगुनिया

**उत्तर–(c)**

क्षय रोग या ट्यूबरकुलोसिस 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' नामक जीवाणु द्वारा संक्रमित बीमारी है। इसकी खोज राबर्ट कोच ने की थी। इससे बचाव के लिए BCG का टीका लगाया जाता है।

**25. पुष्पित पौधे का कौन-सा हिस्सा इसके प्रजनन के लिए जिम्मेदार है?**

(a) तना (b) जड़

(c) पत्ते (d) फूल

**उत्तर–(d)**

पुष्प या फूल पौधे का जनन अंग होता है। इसमें बाह्य दलपुंज (Calyx), दलपुज (Corolla), पुमंग (Androecium) और जायांग (Gynoecium) पाए जाते हैं। इनमें पुमंग नर जननांग तथा जायांग मादा जननांग होते हैं।

**26. मद्रास विश्वविद्यालय के साथ-साथ बंबई विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालयों की स्थापना 1857 में किस रिपोर्ट की सिफारिशों पर की गई थी?**

(a) वुड्ज डिस्पैच (b) मैकालेज मिनटस

(c) साइमन कमीशन (d) पिट्स इंडिया एक्ट

**उत्तर–(a)**

वुड घोषणा-पत्र 'बोर्ड ऑफ कंट्रोल' के प्रधान चार्ल्स वुड द्वारा 19 जुलाई, 1854 को जारी किया गया था। इस घोषणा-पत्र में भारतीय शिक्षा पर एक व्यापक योजना प्रस्तुत की गई थी, जिसे 'वुड का डिस्पैच' कहा गया। इसे भारतीय शिक्षा का 'मैग्नाकार्टा' भी कहा जाता है। इसके अनुसार लंदन विश्वविद्यालय के आधार पर कलकत्ता, बंबई एवं मद्रास में एक-एक विश्वविद्यालय की स्थापना की व्यवस्था गई।

**27. निम्न में से कौन-से ऐसे मौलिक अधिकार हैं जिन्हें आपातकाल लगने के बाद भी निलंबित नहीं किया जा सकता है?**

(a) अनुच्छेद 19: छह अधिकारों (i) भाषण और अभिव्यक्ति, (ii) इकट्ठा होने, (iii) सम्मेलन, (iv) आवागमन, (v) आवास और (vi ) व्यवसाय की स्वतंत्रता की सुरक्षा।

(b) अनुच्छेद 20 और 21: अपराधों की दोषसिद्धि के बारे में 'सुरक्षा' और 'जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा'।

(c) अनुच्छेद 14 : कानून के समक्ष समानता और कानूनों का समान सुरक्षा।

(d) अनुच्छेद 32 : संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

**उत्तर–(b)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 359(1) के तहत राष्ट्रीय आपात काल के समय अनुच्छेद 20 और अनुच्छेद 21 को निलंबित नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 20 अपराधों के लिए दोषसिद्ध के संबंध में संरक्षण तथा अनुच्छेद 21 प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण से संबंधित है।

**28. भारतीय संविधान को विभिन्न स्रोतों से व्यापक रूप से अनुकरण किया गया है। निम्न में से कौन-से स्रोत से इसके अधिकतर प्रावधानों को लिया गया है?**

(a) ब्रिटिश संविधान

(b) आयरिश संविधान

(c) भारत सरकार के अधिनियम, 1935

(d) कनाडा के संविधान

**उत्तर–(c)**

भारतीय संविधान में भारत सरकार के अधिनियम, 1935 से अधिकतर प्रावधानों को लिया गया है। जबकि ब्रिटेन से संसदीय शासन प्रणाली, आयरलैंड से नीति-निदेशक तत्व और कनाडा के संविधान से केंद्र-राज्य संबंध के प्रावधान भारतीय संविधान में शामिल किए गए हैं।

**29. ऐतिहासिक मूल्यों के लिए प्रसिद्ध 'भारत माता' को किसने पेंट किया था?**

(a) अभिंद्रनाथ टैगोर (b) सत्येंद्रनाथ टैगोर

(c) सुरेंद्रनाथ बैनर्जी (d) रबींद्रनाथ टैगोर

**उत्तर–(a)**

'भारत माता' प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार अभिंद्रनाथ टैगोर (साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता रबींद्रनाथ टैगोर का भतीजा) द्वारा वर्ष 1905 में चित्रित एक पेंटिंग है।

**30. काल्पनिक बंगाली निजी अन्वेषक, फेलूदा का सृजन किसने किया था?**

(a) रबींद्रनाथ टैगोर (b) सत्यजीत रे

(c) रितविक घटक (d) अमिताव घोष

**उत्तर–(b)**

काल्पनिक बंगाली निजी अन्वेषक, फेलूदा का सृजन सत्यजीत 'रे' ने किया था, जो उनके हास्य पुस्तक 'फेलूदा' में एक सुपर तेज दिमाग के साथ पेशेवर जासूस एक 'पात्र' का नाम है।

**31. हाल ही में निधन हुए यूसुफ एराकल एक ....... थे।**

(a) लेखक

(b) कलाकार

(c) अल्पसंख्यक अधिकारों हेतु सक्रिय सदस्य

(d) गजल गायक

**उत्तर–(b)**

यूसुफ एराकल मलयाली चित्रकार थे। 4 अक्टूबर, 2016 को बंगलुरू में 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था, जिसमें प्रमुख हैं- वर्ष 1979 व 1981 में कर्नाटक ललितकला अकादमी पुरस्कार।

**32. तापी (TAPI) एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन है, जिसे एशियन विकास बैंक द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसका पूर्ण रूप क्या है?**

(a) तजाकिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-इंडिया पाइपलाइन

(b) तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-ईरान पाइपलाइन

(c) तजाकिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-ईरान पाइपलाइन

(d) तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-इंडिया पाइपलाइन

**उत्तर–(d)**

TAPI (तापी) - तुर्कमेनिस्तान -अफगानिस्तान-पाकिस्तान - इंडिया (तापी) पाइपलाइन - इस परियोजना की आधारशिला 13 दिसंबर, 2015 को तुर्कमेनिस्तान के शहर 'मेरी' में रखी गई। इस पाइपलाइन के जरिए भारत में बिजली संयंत्रों को गैस की आपूर्ति की जाएगी। इस परियोजना के वर्ष 2020 तक पूरी होने की संभावना है।

**33. हिमालय के वह पश्चिमी शरणस्थल, जिसके इर्द-गिर्द घूमकर सिंधु नदी पाकिस्तान के मैदानों में प्रवाहित होती है, को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) नामचा बारवा (b) नंगा पर्वत

(c) नंदा देवी (d) कामेत

**उत्तर–(b)**

सिंधु नदी पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी है, जो तिब्बत के मानसरोवर के निकट से उद्गमित होती है। यह नदी नंगा पर्वत के उत्तरी भाग से घूमकर दक्षिण-पश्चिम में पाकिस्तान के बीच से गुजरती हुई अरब सागर में मिलती है।

**34. 1946 का रॉयल भारतीय सेना का विद्रोह 'HMIS तलवार' से आरंभ हुआ था, यह प्रशिक्षण स्कूल कहां पर स्थित था?**

(a) कलकत्ता (b) मद्रास

(c) बंबई (d) करॉची

**उत्तर–(c)**

18 फरवरी, 1946 को बंबई बंदरगाह में नौसैनिक प्रशिक्षण पोत 'HMIS तलवार' के 1100 नाविकों ने नस्लवादी भेदभाव और खराब भोजन के प्रतिवाद में हड़ताल कर दिया। बंबई में इस विद्रोह के समर्थन में जनता ने व्यापक पैमाने पर विरोध किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। 24 फरवरी, 1946 ई. को विद्रोहियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के हस्तक्षेप के कारण आत्मसमर्पण कर दिया। अतः विकल्प (c) सही होगा।

**35. मोहम्मडन एंग्लो-ओरियंटल कॉलेज, जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में प्रसिद्ध हुआ, की स्थापना किसने की थी?**

(a) खान अब्दुल गफ्फार खान
(b) सर सैयद अहमद खान
(c) अबुल कलाम आजाद
(d) मिर्जा गुलाम अहमद

**उत्तर–(b)**

अलीगढ़ मुस्लिम एंग्लो ओरियंटल कॉलेज उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ जिले में स्थित है। इसे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय या ए.एम.यू. कॉलेज भी कहा जाता है। यह भारत के प्रमुख केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है। इसकी स्थापना सर सैयद अहमद खान द्वारा की गई थी। उल्लेखनीय है कि 1856 ई. से अलीगढ़ नगर भारतीय मुसलमानों का सांस्कृतिक केंद्र बन गया है। 1920 ई. में अलीगढ़ कालेज को विश्वविद्यालय दर्जा दिया गया।

**36. मन्नार की खाड़ी किसके नज़दीक स्थित है?**

(a) तमिलनाडु के तट
(b) आंध्र प्रदेश के तट
(c) अंडमान व निकोबार द्वीप
(d) लक्षद्वीप

**उत्तर–(a)**

मन्नार की खाड़ी तमिलनाडु राज्य के नजदीक स्थित है। यह एक उथले पानी की खाड़ी है, जो भारत के दक्षिण-पूर्व सिरे और श्रीलंका के पश्चिमी तट के बीच स्थित है। भारत के रामेश्वरम् द्वीप से लेकर श्रीलंका के मन्नार द्वीप तक चूना पत्थर से बने द्वीपों की रामसेतु नामक श्रृंखला इस खाड़ी को पाक खाड़ी से अलग करती है।

**37. दीन-इ-इलाही किसके द्वारा चलाया गया एक धार्मिक आंदोलन था?**

(a) अकबर (b) अशोक
(c) बाबर (d) चंद्रगुप्त मौर्य

**उत्तर–(a)**

'दीन-ए-इलाही' नामक एक नया धर्म अकबर द्वारा शुरू किया गया था। इसके प्रथम अनुयायी बीरबल थे। सभी धर्मों के सार-संग्रह के रूप में अकबर द्वारा 1582 ई. में दीन-ए-इलाही (दैवीय एकेश्वरवाद) का प्रवर्तन किया गया। अबुल फजल इसका प्रधान पुरोहित था।

**38. भारतीय दंड संहिता की धारा 124-A, जो हाल ही में व्यापक चर्चा का विषय रही है, का संबंध निम्न में से किसके साथ है?**

(a) मृत्युदंड
(b) राजद्रोह
(c) प्रकृति की रीति के प्रतिकूल यौन क्रियाओं का अपराधीकरण
(d) आत्महत्या करने का प्रयास

**उत्तर–(b)**

भारतीय दंड संहिता की धारा 124-A, जो हाल ही में व्यापक चर्चा का विषय रहा है, उसका संबंध राजद्रोह (देशद्रोह) से है। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 121 और 121 (क) का भी संबंध राज्य के विरुद्ध अपराध से है।

**39. आधार बिल, 2016 को लोक सभा में कैसे प्रस्तुत किया गया था?**

(a) एक सामान्य बिल के रूप में
(b) एक धन बिल के रूप में
(c) एक वित्तीय बिल के रूप में
(d) एक संविधान संशोधन बिल के रूप में

**उत्तर–(b)**

आधार बिल वर्ष 2016 में लोक सभा में एक धन बिल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस बिल को 3 मार्च, 2016 को वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा लोक सभा में प्रस्तुत किया गया।

**40. 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर सत्र के दौरान, किसी दिन विशेष को पूर्ण स्वराज दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। स्वतंत्र भारत में उसी तारीख को निम्न में से किसे मनाने के लिए चुना गया था?**

(a) सेना दिवस
(b) गणतंत्र दिवस
(c) स्वतंत्रता दिवस
(d) राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**उत्तर–(b)**

जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में वर्ष 1929 में लाहौर के रावी नदी तट पर कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में ऐतिहासिक पूर्ण स्वराज की मांग का संकल्प पारित किया गया और वर्ष 1930 की 26 जनवरी को प्रथम स्वाधीनता दिवस मनाया गया तथा उस वर्ष से प्रति वर्ष 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस मनाया जाने लगा। इसी 26 जनवरी की तारीख को स्वतंत्र भारत में, 'गणतंत्र दिवस' मनाने के लिए चुना गया था।

**41. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-से जिले में मौदहा बांध परियोजना स्थित है?**

(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) बलिया (d) हमीरपुर

**उत्तर–(d)**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौदहा बांध परियोजना स्थित है। 7 नवंबर, 2015 को उत्तर प्रदेश सरकार की 'क्लीन यूपी ग्रीन यूपी मिशन' की शुरुआत के तहत मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वयं मौदहा बांध हमीरपुर में पीपल का पौधा लगाया।

**42. 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-से जिले में 2001-2011 के दौरान जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत सबसे अधिक है?**

(a) इलाहाबाद (b) आजमगढ़
(c) बहराइच (d) बलरामपुर

**उत्तर–(c)**

2011 की जनगणना के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 2001-2011 के दौरान जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत सबसे अधिक रहा। जनगणना के अनुसार, 2001-2011 के दौरान उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाले जिले क्रमशः (घटते क्रम में) हैं- गौतम बुद्ध नगर (49.1%), गाजियाबाद (41.3%), श्रावस्ती (30.5%), बहराइच (29.3%) तथा बलरामपुर (27.7%)।

**43. डोलोमाइट के भंडार उत्तर प्रदेश के ........ जिले में पाए गए हैं।**

(a) सोनभद्र (b) चित्रकूट
(c) झांसी (d) बलिया

**उत्तर–(a)**

डोलोमाइट के भंडार उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पाए जाते हैं।

**44. निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली कृष्ण और राधा के प्रेम को दर्शाती है?**

(a) कर्मा (b) दादरा
(c) रास-लीला (d) कथक

**उत्तर–(c)**

रास लीला नृत्य शैली कृष्ण और राधा के प्रेम को दर्शाती है। यह कृष्ण तथा गोपियों के प्रेम का चरम उत्कर्ष है, जहां शारीरिक, मानसिक, गोपनीयता या रहस्यावरण का अभाव है। यह नृत्य ब्रज भूमि क्षेत्र में विशेष रूप से प्रचलित है।

**45. गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश के ........ में अपना पहला उपदेश दिया था।**

(a) सारनाथ (b) मिर्जापुर
(c) अयोध्या (d) कुशीनगर

**उत्तर–(a)**

ज्ञान प्राप्ति के पश्चात बुद्ध ने ऋषिपत्तन (सारनाथ) में उरुबेला में उनका साथ छोड़े देने वाले पांच ब्राह्मण तपस्वियों (कौडिन्य, वाप्य, भद्रिक, महानाम, अश्वजित) को ज्ञान का प्रथम उपदेश दिया, जिसे 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा जाता है।
बी.एन. लुनिया के अनुसार, बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश उरुबेला (बोधगया) में तपस्सु एवं मल्लिक नामक बंजारों को दिया था।

**46. उत्तर प्रदेश में इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग ....... भाग वनों और वृक्षों से घिरा हुआ क्षेत्र है।**

(a) 7% (b) 8%
(c) 9% (d) 10%

**उत्तर–(c)**

आई.एस.एफ.आर., 2015 (ISFR, 2015) के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अभिलिखित वन क्षेत्र 16,582 वर्ग किमी. है, जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का 6.88% (लगभग 7%)तथा भारत के कुल वन क्षेत्र का 2.17 प्रतिशत है। जबकि वृक्षों एवं वनों से घिरा हुआ भाग कुल भौगोलिक क्षेत्र का 8.93% (लगभग 9%) है।

**47. निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश में स्थित है?**

(a) नवाबगंज (b) भरतपुर
(c) चितरंगगुडी (d) रायगंज

**उत्तर–(a)**

| |
|---|
| नवाबगंज पक्षी अभयारण्य - उत्तर प्रदेश (कानपुर) |
| भरतपुर पक्षी अभयारण्य - राजस्थान (भरतपुर) |
| चितरंगगुडी पक्षी अभयारण्य - तमिलनाडु (रामनाथपुरम) |
| रायगंज पक्षी अभयारण्य - पश्चिम बंगाल (उत्तर दिनाज़पुर) |

**48. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित शहरों में से कौन-सा गोमती नदी के तट पर स्थित है?**

(a) मथुरा (b) आगरा
(c) वाराणसी (d) लखनऊ

**उत्तर–(d)**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, गोमती नदी के तट पर स्थित है। इस नदी का उदगम पीलीभीत जिले में माधोटांडा के पास होता है तथा वाराणसी के निकट सैदपुर के पास गंगा में मिल जाती है। इसके तट पर स्थित शहर - लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सुल्तानपुर और जौनपुर हैं। आगरा एवं मथुरा यमुना नदी और वाराणसी गंगा नदी के तट पर स्थित है।

**49. स्मारक 'चौरासी गुबंद' उत्तर प्रदेश के ........ जिले में पाया गया है।**

(a) कालपी (b) बिठूर
(c) आगरा (d) फतेहपुर

**उत्तर–(a)**

कालपी एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक नगर है, जो उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में पाया गया है, जो यमुना नदी के तट पर स्थित है। इसके पश्चिमी भाग में अनेक मकबरे बने हुए हैं, जिन्हें 'चौरासी गुंबद' कहा जाता है। कालपी क्षेत्र के अन्य भवन निम्न हैं- पाछूलाल मंदिर, गणेश मंदिर, दिगंबर जैन मंदिर, बटाउलाल मंदिर, बड़ास्थान लक्ष्मी नारायण मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, श्री दरवाजा आदि।

**50. ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम उत्तर प्रदेश के ........ जिले में स्थित है।**

(a) लखनऊ (b) नोएडा
(c) कानपुर (d) वाराणसी

**उत्तर–(c)**

ग्रीन पार्क स्टेडियम उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में स्थित है। यह उत्तर प्रदेश का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी स्थापना वर्ष 1945 में की गई थी, इसमें पहला टेस्ट मैच 14 जनवरी, 1952 को भारत व इंग्लैंड के मध्य खेला गया था। इसकी दर्शक क्षमता 45000 है।

**51. निम्न में से कौन-सा तत्व रेडियोएक्टिव है?**

(a) ऑर्गन (b) एंटीमॉनी
(c) एक्टीनियम (d) आर्सेनिक

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त विकल्पों में एक्टीनियम एक रेडियोएक्टिव तत्व है। एक्टीनियम का रासायनिक संकेत Ac तथा परमाणु क्रमांक 89 होता है।

**52. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?**

(a) लोक सभा अध्यक्ष (b) राज्य सभा अध्यक्ष
(c) भारत के उप-राष्ट्रपति (d) लोक सभा के उपाध्यक्ष

**उत्तर–(a)**

संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करता है। जबकि दोनों सदनों की संयुक्त बैठक राष्ट्रपति द्वारा आहूत की (बुलाई) जाती है। संयुक्त बैठक से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 108 में किया गया है।

**53. नोबेल पुरस्कार विजेता स्वेतलाना एलेक्सीविच द्वारा लिखित उपन्यास 'Secondhand Time' किस बारे में है?**

(a) समय के बारे में एक जादुई वास्तविक उपन्यास
(b) पोस्ट-कम्युनिस्ट रूस के लोगों के अफसाने
(c) रूसी क्रांति का ऐतिहासिक लेखा-जोखा
(d) समय-यात्रा की गति के बारे में एक भविष्यवादी उपन्यास

**उत्तर–(b)**

नोबेल पुरस्कार विजेता स्वेतलाना एलेक्सीविच द्वारा लिखित उपन्यास 'Secondhand Time' सोवियत संघ के विघटन और एक नए रूस के उद्भव के बारे में सिंकनी मौखिक इतिहास है। इसके लिए वर्ष 2015 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**54. जॉन मैन्युल सैन्टास कौन हैं?**

(a) एक प्रसिद्ध मेक्सिकन गायक
(b) कोलंबिया के राष्ट्रपति
(c) ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी
(d) वेनेजुएला के एक क्रांतिकारी नेता

**उत्तर–(b)**

जॉन मैन्युल सैन्टास कोलंबिया के राष्ट्रपति हैं। इन्हें वर्ष 2016 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।

**55. मार्लोन जेम्स किस कारण से प्रसिद्ध हुए?**

(a) साहित्य हेतु नोबेल पुरस्कार के लिए

(b) साहित्य हेतु मैन बुकर पुरस्कार हेतु

(c) सहायक भूमिका के लिए श्रेष्ठ अभिनेता के लिए ऑस्कर पुरस्कार हेतु

(d) श्रेष्ठ गीत लेखक हेतु ग्रैमी अवॉर्ड हेतु

**उत्तर–(b)**

मार्लोन जेम्स जमैका के लेखक हैं। इन्हें सात हत्याओं का संक्षिप्त इतिहास (2014) नामक उपन्यास के लिए वर्ष 2015 का मैन बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस उपन्यास में जमैका के इतिहास और राजनीतिक अस्थिरता के कई दशकों की पड़ताल है। इनके दो अन्य उपन्यास हैं- रात महिलाओं की पुस्तक (2009) और जॉन क्रो शैतान (2005)।

**56. ग्राम सभा, जो कि पंचायती राज प्रणाली की नींव है, इस निकाय में निम्न में से कौन शामिल होते हैं?**

(a) पंचायत के क्षेत्र में शामिल गांव में रहने वाले व्यक्ति।

(b) पंचायत के चुने हुए सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदस्य।

(c) पंचायत के क्षेत्र में शामिल गांव की निर्वाचक सूची में पंजीकृत व्यक्ति

(d) गांव के व्यक्तियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदस्य।

**उत्तर–(c)**

ग्राम सभा, जो कि पंचायती राज प्रणाली की नींव है। इस निकाय में भारतीय संविधान के भाग IX के अनुच्छेद 243 (ख) के तहत पंचायत के क्षेत्र में शामिल गांव की निर्वाचक सूची में पंजीकृत व्यक्ति शामिल होते हैं।

**57. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 का निम्न में से किसके साथ संबंध है?**

(a) जम्मू-कश्मीर राज्य की विशेष दर्जे के प्रावधान के साथ

(b) राज्यों में राष्ट्रपति शासन के साथ

(c) अंतर-राज्यीय जल विवाद ट्रिब्युनल की स्थापना के साथ

(d) संविधान में संशोधन करने हेतु संसद की शक्तियों के साथ

**उत्तर–(a)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 में जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया गया है।

**58. U-boats क्या हैं?**

(a) दो विश्व युद्धों के दौरान प्रयोग की गई जर्मन मिलटरी की पनडुब्बियां।

(b) ये रूसी पनडुब्बियां थीं, जिनका प्रयोग जापान के विरुद्ध किया गया था।

(c) द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयुक्त अमेरिकी जहाज जो लड़ाकू जेट को उड़ा सकने में सक्षम थे।

(d) ये फ्रेंच जहाज थे, जिनका प्रयोग प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन के विरुद्ध किया गया था।

**उत्तर–(a)**

यू-बोट जर्मन भाषा में 'यू-बूट' का अंग्रेजी संस्करण है। यू-बूट जर्मन भाषा में अंटरसीबूट (unterseeboat) का संक्षिप्त रूप है, जिसका अंग्रेजी में अर्थ होता है- समुद्र के अंदर की नाव। यह जर्मनी की नौसेना फ्रीक्समरीन द्वारा प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध में प्रयोग में लाई जाने वाली पनडुब्बियां थीं।

**59. 19 वीं शताब्दी के मध्य में दीनबंधु मित्र द्वारा लिखित बंगाली नाटक 'नील दर्पण' निम्न में से किसके बारे में है ?**

(a) संन्यासी विद्रोह

(b) नील विद्रोह

(c) बंगाल अकाल

(d) बंगाल में सिपाही विद्रोह

**उत्तर–(b)**

सन् 1857 के विद्रोह के ठीक बाद बंगाल में नील विद्रोह (1859-60 ई.) हुआ। संन्यासी विद्रोह वर्ष 1763-1800 में हुआ जबकि नील विद्रोह की शुरुआत बंगाल के नदिया जिले के गोविंदपुर गांव में हुई। बंगाल का नील विद्रोह शोषण के विरुद्ध अंग्रेजों से किसानों की सीधी लड़ाई थी। नील बागान मालिकों के अत्याचारों का खुला चित्रण दीनबंधु मित्र ने अपने नाटक 'नील दर्पण' में किया है। इस आंदोलन की शुरुआत दिगंबर एवं विष्णु विश्वास ने की थी।

**60. रेपो दर तथा रिवर्स रेपो दर भारतीय रिजर्व बैंक के किस विषय के तहत आते हैं?**

(a) गुणात्मक उधार नियंत्रण उपायों के तहत

(b) मात्रात्मक उधार नियंत्रण उपायों के तहत

(c) राजकोषीय नीति उपायों के तहत

(d) विनिमय दर प्रबंधन उपायों के तहत

**उत्तर–(b)**

रेपो दर तथा रिवर्स रेपो दर भारतीय रिजर्व बैंक के मात्रात्मक उधार नियंत्रण उपायों के तहत आते हैं। इसके अतिरिक्त बैंक दर, एस.एल.आर. (S.L.R.), सी. आर.आर. (C.R.R.), एम.एस.एफ. (M.S.F.) आदि भी मात्रात्मक नियंत्रण के उपाय हैं।

**61. बिमस्टेक (BIMSTEC) के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) यह दक्षिणी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया के राष्ट्रों का विभिन्न क्षेत्रों में संवर्धित सहयोग हेतु एक समूह है।
(b) यह ब्रिक्स (BRICS) राष्ट्रों के अंदर सदस्य देशों के बीच संवर्धित सहयोग हेतु एक समूह है।
(c) भारत और पाकिस्तान समूह के सदस्य हैं।
(d) यह एक आर्थिक गलियारा है, जिसे भारत ने प्रस्तावित चीन-पाकिस्तान-आर्थिक गलियारे के प्रत्युत्तर में विकसित किया है।

**उत्तर–(a)**

दक्षिण एशिया एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच सेतु निर्माण के रूप में परिकल्पित बहुक्षेत्रक तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए जून, 1997 में बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका एवं थाईलैंड आर्थिक सहयोग संगठन का गठन बैंकाक (थाइलैंड) में किया गया। दिसंबर, 1997 में इस संगठन में म्यांमार भी जुड़ गया जबकि भूटान और नेपाल इस संगठन में वर्ष 2004 में शामिल हुए।

**62. आपीको आंदोलन, जिसने चिपको आंदोलन से प्रेरणा प्राप्त की, निम्न में से कौन-से भारतीय राज्य के जंगलों में चला था।**

(a) कर्नाटक (b) उत्तराखंड
(c) आंध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**उत्तर–(a)**

चिपको आंदोलन की भांति कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले (कर्नाटक) में सितंबर 1983 में एक आंदोलन चलाया था जो आपीको (अप्पिको) आंदोलन के नाम से प्रसिद्ध है। कन्नड़ भाषा में 'अप्पिको' का अर्थ है 'पेड़ों को गले लगाना'। दक्षिण भारत में अप्पिको आंदोलन ने लोगों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करने में विशेष भूमिका निभाई थी।

**63. पूना संधि के बारे में निम्न विकल्पों में से क्या सही है?**

(a) महात्मा गांधी और मुहम्मद अली जिन्ना वंचित वर्गों के लिए अलग निर्वाचक वर्गों का सृजन करेंगे।
(b) महात्मा गांधी और डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर हिंदू-संयुक्त निर्वाचक वर्ग कायम रखें और वंचित वर्गों को आरक्षित सीट दें।
(c) महात्मा गांधी और डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर सार्वजनिक कुओं से वंचित वर्गों द्वारा पानी निकालने के अधिकार को सुरक्षित करें।
(d) महात्मा गांधी और मुहम्मद अली जिन्ना मुस्लिम समुदाय के लिए सांप्रदायिक अवॉर्ड (पृथक निर्वाचन क्षेत्रों के प्रावधान) देने हेतु सहमत हों।

**उत्तर–(b)**

पूना समझौता 24 सितंबर, 1932 को पूना में गांधी जी और बी.आर. अंबेडकर के बीच हुआ। अंबेडकर द्वारा समझौते के अंतर्गत हरिजनों के लिए पृथक प्रतिनिधित्व वापस ले लिया गया तथा संयुक्त निर्वाचन के सिद्धांत को स्वीकार कर लिया गया। परिणामत: हरिजनों के लिए विधान मंडलों में सुरक्षित स्थान को 71 से बढ़ाकर 148 कर दिया गया था। अत: विकल्प (b) सही होगा।

**64. किस भारतीय राजनियक को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 'अवास्तविक विचारों वाला सांता क्लाज' कहा गया था?**

(a) के. कामराज (b) सुब्रमणियम स्वामी
(c) राज नारायण (d) जयप्रकाश नारायण

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1970 में सुब्रमणियम स्वामी ने पांचवीं पंचवर्षीय योजना को बंद करने का सुझाव तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दिया जिसे, इंदिरा गांधी ने नामंजूर कर दिया था। सुब्रमणियम स्वामी के सुझाव पर इंदिरा गांधी ने उन्हें 'अवास्तविक विचारों वाला सांता क्लाज' कहा था।

**65. 18वीं शताब्दी में कार्बोनेट वाले पेय पदार्थों का पहली बार वाणिज्यीकरण निम्न में से किसके द्वारा किया गया था?**

(a) जोसफ प्रिस्टले (b) जीन-पियरे सावेज
(c) विलियम बारिबल (d) जेकब स्चवेप्पे

**उत्तर–(d)**

कृत्रिम कार्बोनेशन की प्रक्रिया को सर्वप्रथम जोसफ प्रिस्टले ने खोजा था। जबकि 18वीं शताब्दी में कार्बोनेट वाले पेय पदार्थों का पहली बार वाणिज्यीकरण जेकब स्चवेप्पे (Jacob Schweppe) द्वारा किया गया था।

**66. निम्न में से क्या भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा गतिरोधकों के बारे में सुझाया नहीं गया है?**

(a) 17मीटर त्रिज्या वाला एक गोलाकार उभार
(b) पीला रंग

(c) 3.7 मीटर की चौड़ाई (d) 0.10 मीटर की उंचाई

**उत्तर–(b)**

भारतीय सड़क कांग्रेस (Indian Roads Congress) द्वारा गतिरोधों के बारे में निम्न सुझाव दिए गए-
17 मीटर त्रिज्या वाला एक गोलाकार उभार हो,
3.7 मीटर की चौड़ाई
0.10 मीटर ऊंचाई तथा
25 किमी./घंटे की चाल (speed) हो।

**67. निम्न में कौन-सा संयुक्त अरब अमीरात का एक हिस्सा नहीं है?**

(a) रास अल खैमाह (b) रास लानूफ
(c) फुजैराह (d) अजमान

**उत्तर–(b)**

मध्य पूर्व एशिया में स्थित सात खाड़ी राज्यों आबूधाबी, शारजाह, दुबई, उम्म अल कुवैन, अजमान, फुजैराह तथा रास अल खैमाह को मिलाकर स्वतंत्र संयुक्त अरब अमीरात की स्थापना की गई थी। यह ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी से सटा हुआ ओमान और सऊदी अरब के बीच स्थित है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबूधाबी है।

**68. निम्न में से कौन-सा एक बाल्टिक राज्यों का हिस्सा नहीं है?**

(a) लाट्विया (b) बेलारूस
(c) लिथुआनिया (d) एस्टोनिया

**उत्तर–(b)**

यूरोप के उत्तर-मध्य में स्थित लाट्विया, लिथुआनिया तथा एस्टोनिया को संयुक्त रूप से बाल्टिक राज्य या बाल्टिक देश कहा जाता है, जो वर्ष 1991 में सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए थे।

**69. मुगल सम्राट अकबर के हिंदू सलाहकार, बीरबल का जन्म का नाम इनमें से क्या था?**

(a) इंद्रेश दास (b) महेश दास
(c) सुदेश दास (d) मुकेश दास

**उत्तर–(b)**

बीरबल का जन्म का नाम महेश दास था। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के सिंहवाल तहसील के घोधरा गांव में 1528 ई. में जन्मे 'महेश दास दूबे' को मुगल सम्राट अकबर ने राजा बीरबल की उपाधि से विभूषित किया था। बीरबल की बुद्धिमत्ता व हाजिर जवाबी से प्रभावित होकर अकबर ने उन्हें अपने दरबार के नवरत्नों में शामिल कर लिया।

**70. औषधि के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता, कार्ल लैंडस्टेनियर को किसके लिए याद किया जाता है?**

(a) DNA की संरचना हेतु
(b) एड्स के अध्ययन और उपचार हेतु
(c) प्रयोगशाला में विटामिनों के संश्लेषण हेतु
(d) खून में रीसस कारक (Rhesus Factor) की पहचान, जिनसे रक्त-आधान (Transfusion) सक्षम हुआ।

**उत्तर–(d)**

वर्ष 1940 में लैंडस्टीनर एवं वीनर नामक वैज्ञानिकों ने रुधिर में एक अन्य प्रकार के एंटीजन का पता लगाया। इन्होंने इस तत्व को रहीसस बंदर में खोजा, इसलिए इसे 'रहीसस कारक' या 'Rh-फैक्टर' कहते हैं, जिन व्यक्तियों के रुधिर में यह तत्व पाया जाता है। उनका रुधिर Rh पॉजिटिव तथा जिनमें नहीं पाया जाता, उनका रुधिर Rh निगेटिव कहलाता है।

**71. राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) किस मंत्रालय द्वारा आरंभ किया गया है?**

(a) शहरी विकास मंत्रालय द्वारा
(b) पर्यावरण और वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा
(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा
(d) सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय द्वारा

**उत्तर–(b)**

17 अक्टूबर, 2014 को पर्यावरण और वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) आरंभ किया गया। इस सूचकांक में वायु की शुद्धता का मूल्यांकन 0 से 500 अंकों में होगा जो निम्न हैं- अच्छा (0-50), संतोषजनक (51-100), मध्यम प्रदूषित (101-200), खराब (201-300), बहुत खराब (301-400) और गंभीर (401-500)।

**72. मिनीकॉय और अमनदिवी द्वीप कौन-से द्वीपसमूह का हिस्सा है?**

(a) अंडमान व निकोबार (b) इंडोनेशिया
(c) लक्षद्वीप (d) फीजी

**उत्तर–(c)**

मिनीकॉय और अमनदिवी द्वीप लक्षद्वीप द्वीप समूह का हिस्सा हैं। वर्ष 1956 में लक्षद्वीप, मिनीकॉय तथा अमनदिवी द्वीपों को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया। सन 1973 में इन द्वीप समूहों का नाम लक्षद्वीप कर दिया गया। लक्षद्वीप की राजधानी कवरत्ती तथा क्षेत्रफल 32 वर्ग किमी. है।

**73. भारत-बंग्लादेश गंगा जल संधि पर हस्ताक्षरकर्ताओं में कौन-कौन शामिल हैं?**

(a) खालिद जिया और आई. के. गुजराल

(b) शेख हसीना और एच. डी. देवगौड़ा

(c) खालिदा जिया और पी.वी. नरसिंहा राव

(d) शेख हसीना और पी.वी. नरसिंहा राव

**उत्तर–(b)**

भारत -बांग्लादेश गंगा जल संधि नई दिल्ली में 12 दिसंबर, 1996 को हुई थी। जिस पर भारत के प्रधानमंत्री एच. डी. देवगौड़ा और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शामिल थीं।

**74. दक्षिण अफ्रीका ने किस वर्ष में ब्राजील, रूस, भारत और चीन के साथ जुड़कर ब्रिक्स (BRICS) बनाया था?**

(a) 2009 (b) 2010

(c) 2011 (d) 2012

**उत्तर–(b)**

ब्रिक (BRIC) का निर्माण 16 जून, 2009 को ब्रिक के प्रथम शिखर सम्मेलन में हुआ जो रूस के याकतेरिनवर्ग शहर में हुआ था। दक्षिण अफ्रीका को ब्रिक देशों में शामिल करने का निर्णय सितंबर, 2010 में न्यूयार्क में होने वाले ब्रिक देशों के मंत्रियों के सम्मेलन में किया गया। जबकि दक्षिण अफ्रीका 14 अप्रैल, 2011 को सान्या (चीन) में आयोजित तीसरे ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन में शामिल हुआ।

**75. नवंबर, 2016 के राष्ट्रपति चुनावों में संयुक्त राज्य अमेरिका के उप-राष्ट्रपति पद हेतु रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक पेंस के बारे में नीचे दिए गए विकल्पों में से क्या सही है?**

(a) वह वर्जीनिया से एक सीनेटर हैं।

(b) वह मासाचुसैट्स से एक कांग्रेस मैन हैं।

(c) वह इंडियाना के गवर्नर हैं।

(d) वह फ्लोरिडा से सीनेटर हैं।

**उत्तर–(c)**

नवंबर, 2016 के राष्ट्रपति चुनावों में अमेरिका के उप-राष्ट्रपति पद हेतु रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक पेंस इंडियाना के गवर्नर थे, जिनको उप-राष्ट्रपति चुन लिया गया है।

**76. निम्नलिखित में से कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है, जिसमें Y, H, W, M और A शामिल हैं।**

(a) V (b) P

(c) T (d) U

**उत्तर–(b)**

दिए गए समूह के सभी अक्षर के मूल और दर्पण छाया में अंतर नहीं आता, जबकि अक्षर P के मूल और दर्पण छाया में अंतर है।

Y H W M A | A M W H Y

V T U P | q U T V

अतः विकल्प (b) दिए समूह से संबंधित नहीं है।

**77. एक स्वर संगीत प्रतियोगिता में मीता के अंक सीता से कम हैं। गीता के अंक सीता से अधिक हैं लेकिन सीमा से कम हैं। वीना के अंक मीता से कम हैं। तीसरा स्थान किसका है?**

(a) सीमा (b) वीना

(c) सीता (d) गीता

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार अंकों को प्राप्त करने का क्रम

मीता < सीता < गीता ...............(i)

गीता < सीमा ......................(ii)

वीना < मीता ....................(iii)

उपरोक्त तीनों समीकरणों से -

वीना < मीता < सीता < गीता < सीमा

स्पष्ट है तीसरा स्थान सीता का है।

**78. यदि सभी स्वर 1 के बराबर हैं और सभी व्यंजन 0 के बराबर हैं, तो निम्नलिखित में से किसका मान शून्य नहीं है?**

(a) $P + B \times F - Q - E$

(b) $O \times R + C \times S - E + A$

(c) $(M + P) \times (F - H + B)$

(d) $(U - E) \times (P + S + D)^2$

**उत्तर–(a)**

सभी स्वर (A, E, I, O, U) का मान = 1

सभी व्यंजन का मान = 0

सभी स्वर के स्थान पर 1 तथा व्यंजन के स्थान पर 0 रखने पर

विकल्प (a) से $0 + 0 \times 0 - 0 - 1 = -1$

विकल्प (b) से $1 \times 0 + 0 \times 0 - 1 + 1 = 0$

विकल्प (c) से $(0 + 0) \times (0 - 0 + 0) = 0$

विकल्प (d) से $(1 - 1) \times (0 + 0 + 0)^2 = 0$

अतः विकल्प (a) का मान शून्य नहीं है।


**79. नीलम की मां तूहिना, अमित के पिता की बहन है। ममता, अमित की बहन पायल की पुत्री है। नीलम, ममता से किस प्रकार सबंधित है?**

(a) दादी (b) बहन

(c) चचेरी बहन (d) मौसी

उत्तर–(d)

प्रश्नानुसार




स्पष्ट है तूहिना पायल की बुआ है तो नीलम, पायल की फुफेरी बहन होगी। अतः नीलम, पायल की पुत्री ममता की मौसी है। विकल्प (d) सही है।


**80. A से F तक छह महिलाएं एक मेज के चारों तरफ बैठी हैं। B, E के बाईं ओर है। F, D के दाईं ओर है और B और F के बीच दो महिलाएं हैं। A के बगल में F है। A से घड़ी की दिशा में गिनने पर चौथे स्थान पर कौन है?**

(a) B (b) D

(c) F (d) E

उत्तर–(d)

प्रश्नानुसार




स्पष्ट है, A से घड़ी की दिशा में गिनने पर प्रथम स्थान पर A, द्वितीय पर F, तृतीय पर D तथा चौथे स्थान पर E है। अतः विकल्प (d) सही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) दिया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।

**81. अंक 2 का तीन बार, 5 का दो बार और 8 का एक बार उपयोग करके 6 अंकों की कितनी अलग-अलग संख्याएं बनाई जा सकती हैं?**

(a) 60 (b) 120

(c) 720 (d) 6

उत्तर–(a)


दिए गए अंक 2, 2, 2, 5, 5, 8 में कुल 6 अंक हैं, जिसमें अंक 2, तीन बार, अंक 5, दो बार आता है

अभीष्ट संख्या $= \frac{6!}{3! \times 2!}$

$= \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{3 \times 2 \times 1 \times 2 \times 1} = 30 \times 2 \quad 60$

अतः विकल्प (a) सही है।

**82. तस्वीर में पांच अज्ञात आकृतियां एक श्रृंखला का निर्माण करती हैं। विकल्पों में से कौन-सा श्रृंखला में छठां होगा?**




A B C D

(a) A (b) B

(c) C (d) D

उत्तर–(a)




0 खाने का गैप | 1 खाने का गैप | 2 खाने का गैप | 3 खाने का गैप | 4 खाने का गैप

अतः विकल्प (a) सही है।

**83. एक सिलाई मशीन में इस्तेमाल एक शाफ्ट (ratchet) का कोड नंबर 9RW64O9JM875 है। निम्नलिखित में से कौन-सा इससे मेल खाता है?**

(a) 9RW64O9JM875

(b) 9RW64O9IM875

(c) 9RW6409JM875

(d) 9WR64O9IM875

उत्तर–(a)

विकल्प से स्पष्ट है कि सिलाई मशीन के शाफ्ट का कोड 9RW64O9JM875 से मेल खाता है, अतः विकल्प (a) सही है।


**84. यदि FIRST को GJSTU को रूप में कोड दिया जाता है, तो CEMENT का कोड क्या होगा?**

(a) DFNFOU (b) DENTLE


(c) BDLDMS (d) BFNFOU

उत्तर–(a)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



अतः विकल्प (a) सही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**85. अनुक्रम 480U75*WH^5MG%D$6G@6BZ4^K को देखें। ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनके तुरंत पहले एक प्रतीक (symbol) और तुरंत बाद एक अक्षर है?**

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(c)**

दिया गया अनुक्रम

4 8 0 U 7 5 * W H ^5M G % D $ 6 G @ 6 B Z 4 ^ K

से स्पष्ट है कि ऐसी तीन संख्याएं हैं जिसके तुरंत पहले एक प्रतीक और तुरंत बाद एक अक्षर है। अतः विकल्प (c) सही है।

**86. 401 से 800 के बीच कितने पूर्ण वर्ग हैं।**

(a) 7 (b) 9

(c) 8 (d) 10

**उत्तर–(c)**

401 से 800 के बीच

$(21)^2 = 441$ से $(28)^2 = 784$ तक

अर्थात् $(21)^2, (22)^2, (23)^2, (24)^2, (25)^2, (26)^2, (27)^2$ तथा $(28)^2$ पूर्ण वर्ग के रूप में हैं जिनकी कुल संख्या 8 है। अतः विकल्प (c) सही है।

**87. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द FORTHCOMING के अक्षरों का उपयोग करके बनाया जा सकता है? (एक अक्षर का उपयोग सिर्फ उतनी बार ही किया जा सकता है, जितनी बार वह दिए शब्द में प्रयुक्त हुआ है।)**

(a) SHOOTING (b) THRONG

(c) IGNORANT (d) NOTHING

**उत्तर–(b)**


FORTHCOMING के अक्षरों को उपयोग करके दिए गए विकल्पों में सिर्फ THRONG बनाया जा सकता है क्योंकि विकल्प (a) में आया अक्षर S, विकल्प (b) में A, N (जबकि N मूल शब्द में सिर्फ एक बार है) तथा विकल्प (d) में अक्षर N का प्रयोग दो बार है, इसलिए विकल्प (a), (b) एवं (d) के शब्द मूल शब्द से नहीं बनाए जा सकते हैं क्योंकि मूल शब्द में प्रयुक्त अक्षरों से भिन्न है। अतः विकल्प (b) सही है।

**88. P, Q का भाई है। T, Q की पुत्री है। R, P का पिता है और S,T का भाई है। निम्नलिखित में से कौन-सा S का चाचा है?**

(a) T (b) R

(c) Q (d) P

**उत्तर–(d)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि, P, Q का भाई है, इसलिए Q, R का पुत्र या पुत्री होगी और S, Q का पुत्र होगा। इस प्रकार P, S का चाचा या मामा (uncle) होगा।

**89. वैज्ञानिक (ग्रेड ए) के पद के लिए उम्मीदवार की आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिए और पंद्रह वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। उन्हें कम से कम आठ वर्ष शिक्षण का अनुभव होना चाहिए, जिनमें कम से कम पांच वर्ष का एक महाविद्यालय में हो। निम्नलिखित उम्मीदवार आवेदन करते हैं।**

| नाम | आयु (वर्षों में) | अनुभव (वर्षों में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुल | शिक्षण | महाविद्यालय शिक्षण |
| **रीता मेहता** | **37** | **13** | **9** | **7** |
| **अरुण कोल्हातकर** | **39** | **15** | **10** | **2** |
| **मयंक चोपड़ा** | **41** | **16** | **11** | **4** |
| **चंदन गुप्ता** | **38** | **14** | **10** | **8** |

**कौन योग्य है?**

(a) रीता मेहता (b) अरुण कोल्हातकर

(c) मयंक चोपड़ा (d) कोई भी योग्य नहीं है।

**उत्तर–(d)**

**पहली शर्त :** उम्मीदवार की उम्र 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। अतः मयंक चोपड़ा को छोड़कर बाकी सभी शर्त को पूरा करते हैं।

**दूसरी शर्त :** 15 वर्ष का अनुभव आवश्यक है; इस शर्त को अरुण कोल्हातकर ही पूरा कर पाते हैं (मयंक चोपड़ा पहली ही शर्त को पूरा करने में असफल रहे हैं)।

**तीसरी शर्त :** कम से कम आठ वर्ष शिक्षण का अनुभव इस शर्त को लगभग सभी पूरा करते हैं; परंतु सिर्फ अरुण कोल्हातकर ही अभी तक तीनों शर्तों को पूरा करने में सफल रहे हैं।

**चौथी शर्त :** महाविद्यालय शिक्षण 5 वर्ष का इस शर्त को पूरा करने में अरुण कोल्हातकर भी असफल रहते हैं। अतः कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है।

**90. एक कमरे में 10 व्यक्ति हैं। सभी आपस में हाथ इस प्रकार मिलाते हैं कि कोई भी दो व्यक्ति एक बार से अधिक हाथ नहीं मिलाते हैं। बेशक, कोई भी स्वयं से हाथ नहीं मिलाता है। कमरे में कितनी बार हाथ मिलाए गए?**

(a) 10 (b) 20

(c) 45 (d) 90

**उत्तर–(c)**

जब दो व्यक्ति हाथ मिलाते हैं, तो एक हस्तमिलाप प्राप्त होता है। यदि मान लें कि कमरे में कुल $x$ व्यक्ति उपस्थित थे, तो हस्तमिलापों की संख्या n (माना) होगी -

$^{x}c_2$

यदि कमरे में 10 व्यक्ति हों

$^{10}c_2 = ____$ $\qquad \because {}^{n}c_r = \frac{n!}{(\ -\ )}$

$= \frac{10 \times 9}{2 \times 1} \Rightarrow$

अतः विकल्प (c) सही है।

**द्वितीय विधि :**

कुल हस्त मिलापों की संख्या $= \frac{n\ n-1}{2}$

$= \frac{10\ 10-1}{2}$ $\left(\begin{matrix}\text{यहां n = कुल व्यक्ति} \\ =10\end{matrix}\right)$

$= 5 \times 9 \quad 45$

**91. एक निश्चित कोड भाषा में 'een kum cip' का अर्थ 'beauty and grace' है ; 'ali cid os' का अर्थ 'lasts for ever' और rut cip kum का अर्थ 'grace and poise' है। निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से 'poise lasts' का कोड नहीं है?**

(a) rut ali (b) een rut

(c) cid rut (d) rut os

**उत्तर–(b)**

दी गई कोड भाषा से -

een kum cip beauty and grace ....... (i)

ali cid os lasts for ever .............(ii)

rut cip kum grace and poise .......(iii)

समी. (i) और (iii) से poise का कोड rut है,

समी (ii) से last का कोड, ali, cid, os हो सकता है।

अतः poise lasts का कोड een rut नहीं हो सकता है। अतः विकल्प (b) सही है।

**92. एक आदमी दूध के $1\frac{1}{2}$ गिलास और पानी के $\frac{1}{2}$ गिलास को मिलाकर स्वयं और अपनी पत्नी के लिए एक-एक गिलास हॉर्लिक्स का बनाता है। मान लीजिए कि पाउडर आयतन नगण्य है। यदि उसका पड़ोसी उसी समय आ जाता है, तो तीनों व्यक्तियों के लिए समानुपातिक मात्रा में हॉर्लिक्स का एक-एक गिलास बनाने के लिए उसे कुल कितने गिलास दूध की आवश्यतकता होगी?**

(a) $2\frac{1}{4}$ (b) 3

(c) $2\frac{1}{2}$ (d) 2

**उत्तर–(a)**

आदमी और औरत अर्थात दो लोगों के हॉर्लिक्स के लिए दूध और पानी की की मात्रा क्रमशः $1\frac{1}{2} = \frac{3}{2}$ तथा $\frac{1}{2}$

एक व्यक्ति बढ़ने पर बढ़ाई गई दूध की मात्रा $= \frac{3/2}{2} = \frac{3}{4}$

तीन व्यक्तियों के हॉर्लिक्स बनाने हेतु दूध की कुल मात्रा

$= \frac{3}{2} + \frac{3}{4} = \frac{9}{4} = 2\frac{1}{4}$ गिलास

**93. दी गई शृंखला में अगला पद क्या होगा?**

**4096, 3072, 2304, 1728, 1296, ..........**

(a) 972 (b) 729

(c) 243 (d) 486

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला का प्रत्येक पद अपने पूर्व पद का $\frac{3}{4}$ है ।

$$4096\times\frac{3}{4}=3072$$

$$3072\times\frac{3}{4}=2304$$

$$2304\times\frac{3}{4}=1728$$

$$1728\times\frac{3}{4}=1296$$

$$1296\times\frac{3}{4}=972$$


अतः विकल्प (a) सही है।

**94. कुछ कैडेट एक पंक्ति में खड़े हैं। रजत दाईं ओर से 9वें स्थान पर है और मोहित बाईं ओर से 10वें स्थान पर है। उनके स्थान आपस में बदल देने पर, रजत दाईं ओर से 15 वें स्थान पर पहुंच जाता है। मोहित का स्थान बाईं ओर से कौन-सा होगा?**

(a) 16th (b) 17th

(c) 15th (d) 18th

**उत्तर–(a)**




स्थान परिवर्तन करने पर रजत के वर्तमान स्थान और मूल स्थान के बीच 5 कैडेट और हैं ।

मोहित का बाएं से दाएं स्थान परिवर्तन = (10 + 5) स्थान बाद

= 15 स्थान बाद

अतः मोहित का बाईं ओर से 15 स्थान बाद अर्थात 16 वां होगा।

**95. यदि SCORED को 030504061719141602041820 के रूप में कोडित किया जाता है, तो MOLTEN का कोड क्या होगा?**

(a) 131504061921111314161214

(b) 121414161113192104061315

(c) 141216141311211906041513

(d) 131504061921111315161214

**उत्तर–(a)**

SCORED का क्रम उलटने पर जिस प्रकार -

| (4) D | (5) E | (18) R | (15) O | (3) C | (19) S |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 05 | 04 06 | 17 19 | 14 16 | 02 04 | 18 20 |

उसी प्रकार -

| (14) N | (5) E | (20) T | (12) L | (15) O | (13) M |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 15 | 04 06 | 19 21 | 11 13 | 14 16 | 12 14 |

अतः विकल्प (a) सही है।

**96. यदि SLIME को TMJNF के रूप में कोडित किया जाता है, तो NATION का कोड क्या होगा?**

(a) MZSHNM (b) OBUJPO

(c) OBJHNM (d) MZSJPO

**उत्तर–(b)**

जिस प्रकार -

| S | L | I | M | E |
|---|---|---|---|---|
| +1 | +1 | +1 | +1 | +1 |
| T | M | J | N | F |

उसी प्रकार -

| N | A | T | I | O | N |
|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +1 | +1 | +1 | +1 | +1 |
| O | B | U | J | P | O |

अतः विकल्प (b) सही है।

**97. अनुक्रम 5MG%D$6G@6BZ4^K480U75*WH^ को देखें। ऐसे प्रतीक (Symbol) कितने हैं, जिनके तुरंत पहले एक संख्या और तुरंत बाद एक अक्षर है?**

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**उत्तर–(b)**

अनुक्रम- 5 M G % D $ 6 G @ 6 B Z (4^K) 4 80U7 (5*W) H^ में ऐसे प्रतीकों की संख्या 2 है जिसके तुरंत पहले एक संख्या तथा तुरंत बाद एक अक्षर है।

**98. दिया गया है 'कुछ कप, मोप हैं' और 'सभी मोप, होंठ' हैं। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा निश्चित रूप से सही है?**

(a) कुछ मोप, होंठ नही हैं।


(b) कुछ मोप, कप हैं।

(c) सभी होंठ, कप हैं।

(d) सभी होंठ, मोप हैं।

**उत्तर–(b)**

या





स्पष्ट है कुछ मोप, कप हैं, अतः विकल्प (b) सही है।

**99. मैं एक मल्टीप्लेक्स में एक शो के लिए टिकट खरीदने की एक कतार में 7वें स्थान पर हूं। मैंने अपने पड़ोसी को देखा जो अंत से 9वें स्थान पर है। हम दोनों के बीच 3 व्यक्ति हैं। कतार में व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या क्या है?**

(a) 19 (b) 11

(c) 17 (d) 10

**उत्तर–(b)**




कतार में व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या

$= 9 + 2$

$= 11$

**100. दी गई श्रेणी में अंतिम दो पद क्या होंगे?**


**2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, …………**

(a) 32, 15 (b) 64, 13

(c) 32, 11 (d) 24, 15

**उत्तर–(c)**

दी गई श्रेणी निम्नवत है -




अतः श्रेणी के अंतिम पद 32 और 11 होंगे।

**101. उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में किस भाषा का प्रयोग होता है?**

(a) उर्दू (b) हिन्दी

(c) अंग्रेजी (d) भोजपुरी

**उत्तर–(b)**

उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाता है जबकि उर्दू द्वितीय भाषा है।

**102. 'का बरखा जब कृषि सुखाने' तब कहा जाता है, जब कोई-**

(a) समय पर काम नहीं हो

(b) समय को व्यर्थ गवां दिया जाता हो

(c) समय का लाभ न उठाता हो

(d) समय का पालन करता है

**उत्तर–(a)**

'का बरखा जब कृषि सुखाने' तब कहा जाता है, जब कोई काम समय पर नहीं हो।

**103. 'तलवे चाटना' इस मुहावरे का प्रयोग तब होता है, जब कोई-**

(a) पॉव दबाता है

(b) चापलूसी करता है

(c) इधर-उधर की हॉकता है

(d) तलवों में छाले हो जाते हैं

**उत्तर–(b)**

'तलवे चाटना' इस मुहावरे का प्रयोग तब होता है, जब कोई चापलूसी करता है।

**104. सम उपसर्ग का 'म्' किस शब्द में सुनाई पड़ता है?**

(a) संयम (b) संवाद

(c) संभावना (d) संख्या

**उत्तर–(b&c)**

संवाद एवं संभावना दोनों ही शब्दों में सम् उपसर्ग का 'म्' सुनाई पड़ता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**105. नीचे लिखे वाक्य के खाली स्थान को भाववाचक संज्ञा से पूरा कीजिए। उसका सारा सौंदर्य उसकी … में है।**

(a) आँखों (b) बालों

(c) हँसी (d) मुखमंडल

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त वाक्य के खाली स्थान के लिए भाववाचक संज्ञा 'हँसी' है। यह वाक्य इस प्रकार होगा- 'उसका सारा सौंदर्य उसकी 'हँसी' में है। जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दशा, भाव, व्यापार, धर्म, अवस्था, स्वभाव का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**106. 'कानों सुनी बात पर यकीन मत करो।' रेखांकित पद का कारक बताइए।**

(a) कर्ता (b) कर्म
(c) करण (d) संप्रदान

**उत्तर–(c)**

रेखांकित पद 'कानों सुनी' (कानों से सुनी या कानों द्वारा सुनी) में करण, कारक है। जिस साधन से अथवा जिसके द्वारा क्रिया पूरी की जाती है, उस संज्ञा को करण कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिन्ह 'से' अथवा 'द्वारा' है।

**107. 'किस-किस से झगड़ा करते फिरोगे?' रेखांकित पद .... है।**

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) प्रविशेषण

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद 'किस-किस' सर्वनाम है। यह प्रश्नवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम से प्रश्न का बोध होता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

**108. 'वहाँ भयंकर दुर्घटना हुई है।' रेखांकित पद .... है।**

(a) विशेषण (b) क्रियाविशेषण
(c) प्रविशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद 'भयंकर' विशेषण है। यह 'दुर्घटना' शब्द की विशेषता बता रहा है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

**109. 'बसंत में नाचा बहुत मेरा मनमयूर ।' रेखांकित अंश में ……… अलंकार है।**

(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) उपमा

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त वाक्य के रेखांकित अंश 'बहुत मेरा मनमयूर' में रूपक अलंकार है। यहाँ मन (उपमेय) को मयूर (मोर) (उपमान) का रूप मान लिया गया है। जहाँ उपमेय को उपमान का रूप मान लिया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।

**110. 'दुबई कितना सुंदर देश है।' रेखांकित पद ……. है।**

(a) प्रविशेषण
(b) संख्यावाची विशेषण
(c) परिमाण वाचक विशेषण
(d) विधेय विशेषण

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त वाक्य का रेखांकित पद 'सुंदर' विधेय विशेषण है। यह वाक्य के विधेय पद 'देश' की विशेषता बताता है।

**111. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है?**

(a) शीला से पढ़ा भी नहीं जाता
(b) शीला से हंसा भी नहीं जाता
(c) शीला से चला भी नहीं जाता
(d) शीला से हिला भी नहीं जाता

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है। इस वाक्य में 'पढ़ा भी नहीं जाता' कर्म (पुस्तक, जो कि वाक्य में नहीं है) के अनुरूप है और क्रिया का उद्देश्य भी कर्म (पुस्तक) है। क्रिया के उस रूपांतर को कर्मवाच्य कहते हैं, जिससे कर्म की प्रधानता का बोध हो। इसमें वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन एवं पुरुष कर्म के लिंग, वचन एवं पुरुष के अनुसार होते हैं। साथ ही क्रिया के व्यापार का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।

**112. 'वह हमेशा अपने भाई के गीत गाता रहता है।' वाक्य में…… अव्यय पद है।**

(a) वह (b) हमेशा
(c) अपने (d) गीत

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त वाक्य में 'हमेशा' अव्यय पद है। यह अवधि बोधक अव्यय है। कालवाचक क्रिया-विशेषण अव्यय के तीन उप-भेद हैं-समय बोधक, अवधिबोधक और पौन:पुन्य बोधक।

**113. 'नीली कमीज वाला लड़का अभी-अभी गया है।' रेखांकित पद …….. है।**

(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (d) प्रधान उपवाक्य

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त वाक्य का रेखांकित पद 'नीली कमीज वाला लड़का' विशेषण उपवाक्य है। विशेषण उपवाक्य शब्दों का वह समूह है, जो अपना एक उद्देश्य एवं विधेय रखे तथा विशेषण का कार्य करे।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके नीचे लिखे प्रश्नों (114 से 118) के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए।**

**मनुष्य क्रियाशील प्राणी है। चुपचाप बैठना उसके लिए संभव नहीं है। इसी प्रवृत्ति के कारण समाज में समय-समय पर काम, क्रोध, लोभ, मोह, घृणा, भय, उत्साह, शांति, दया, आशा, हर्ष आदि का प्रादुर्भाव होता है। साहित्यकार इन्हीं भावनाओं को मूर्तरूप देकर साहित्य का निर्माण करता है। मनुष्य के बिना समाज और समाज के बिना मनुष्य की सत्ता संभव नहीं। समाज का केंद्र मानव है और साहित्य का केंद्र भी मानव ही है। साहित्य और समाज का प्राण और शरीर की भांति गहन रिश्ता है। साहित्य का जन्म समाज के बिना संभव नहीं और अच्छे समाज का जन्म साहित्य के बिना संभव नही। समाज को साहित्य से नवजीवन प्राप्त होता है और साहित्य समाज से गौरवान्वित होता रहता है। प्रत्येक साहित्य अपने युग से प्रभावित होता है। साहित्य किसी भी समाज या राष्ट्र की नींव है। यदि नींव सुदृढ़ होगी तो भवन भी सुदृढ़ होगा। साहित्य अजर-अमर है, वह कभी नष्ट नहीं होता।**

**114. व्यक्ति में भय, शांति आदि भावों के होने का कारण है, व्यक्ति का -**

(a) शांत रहना (b) निष्क्रिय होना
(c) क्रियाशील होना (d) सजग-सावधान रहना

**उत्तर–(c)**

व्यक्ति में भय, शांति आदि भावों के होने का कारण व्यक्ति का क्रियाशील होना है।

**115. साहित्य सृजन के लिए......... आवश्यक है।**

(a) क्रियाशीलता
(b) ज्ञानवान होना
(c) संप्रेषण कौशल का होना
(d) काम, क्रोध आदि प्रवृत्तियों का होना

**उत्तर–(d)**

साहित्य सृजन के लिए काम, क्रोध आदि प्रवृत्तियों का होना आवश्यक है।

**116. समाज साहित्य से उसी तरह जुड़ा है, जैसे-**

(a) बुद्धि और चिंतन (b) देह और प्राण
(c) हाड़ और मांस (d) पुष्प और लता

**उत्तर–(b)**

समाज साहित्य से उसी तरह जुड़ा है, जिस तरह देह और प्राण जुड़े हैं।

**117. 'साहित्य अजर-अमर है।' वाक्य में आए 'अजर' शब्द का अर्थ क्या है?**

(a) जिसे जंग न लगे
(b) जिसे मृत्यु का भय न हो
(c) जो कभी बूढ़ा न हो
(d) जो जर्जर हो गया हो

**उत्तर–(c)**

वाक्य में आए 'अजर' शब्द का अर्थ है, 'जो कभी बूढ़ा न हो'।

**118. 'साहित्य से नवजीवन प्राप्त होता है।' वाक्य से रेखांकित शब्द में कौन-सा समास है?**

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रेखांकित शब्द 'नवजीवन' में कर्मधारय समास है। इस शब्द में 'नव' विशेषण है और 'जीवन' विशेष्य है। जिस समास के समाप्त होने वाले पद विशेष्य-विशेषण-भाव को प्राप्त हों, उसमें कर्मधारय समास होता है।

**119. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द की वर्तनी शुद्ध है?**

(a) वाल्मीकि (b) वाल्मिकी
(c) वाल्मीकी (d) वाल्मीक

**उत्तर–(a)**

'वाल्मीकि' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।

**120. 'पवन' शब्द का पर्यायवाची ......... नहीं है।**

(a) समीर (b) अनल
(c) मारुत (d) वात

**उत्तर–(b)**

'पवन' शब्द का पर्यायवाची अनल नहीं है बल्कि आग का पर्यायवाची है। पवन शब्द के पर्यायवाची हैं- समीर, मारुत, वात, हवा, वायु आदि।

**121. 'मितव्यय' का विलोम ...... होता है।**

(a) अपव्यय (b) अल्पव्यय
(c) कृपण (d) बहुव्यय

**उत्तर–(a)**

'मितव्यय' का विलोम 'अपव्यय' होता है। 'दानी' का विलोम कृपण होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**122. 'दोपहर के बाद का दिन' ........ कहलाता है।**

(a) पूर्वाह्ण (b) अपराह्ण

(c) मध्यान्ह (d) प्रातराह्म

**उत्तर–(b)**

'दोपहर के बाद का दिन' अपराह्ण कहलाता है जबकि 'दोपहर के पहले का दिन' पूर्वाह्ण कहा जाता है। 'दोपहर का दिन' मध्यान्ह को कहते हैं।

**123. 'प्रत्यर्पण' शब्द में ............ उपसर्ग लगा है।**

(a) प्र (b) प्रति

(c) प्रत्य (d) पर

**उत्तर–(b)**

'प्रत्यर्पण' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग लगा है। प्रति + अर्पण = प्रत्यर्पण बना है। प्रति उपसर्ग से निर्मित अन्य शब्द हैं। प्रत्युपकार, प्रत्येक आदि।

**124. 'कड़ुआहट' शब्द में ......... प्रत्यय है।**

(a) हट (b) ट

(c) आहट (d) आह

**उत्तर–(c)**

'कड़ुआहट' शब्द में 'आहट' प्रत्यय है। 'आहट' प्रत्यय से निर्मित अन्य शब्द हैं- चिल्लाहट, बुलाहट, सुगबुगाहट आदि।

**125. 14 सितंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को भारत संघ की कौन-सी भाषा का दर्जा दिया?**

(a) राजभाषा (b) राष्ट्रभाषा

(c) लोकभाषा (d) संपर्कभाषा

**उत्तर–(a)**

14 सितंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया।

**126. Order the adverbs correctly and complete the sentence. Did you .......... (consider, having, ever) a baby?**

(a) ever, consider, having

(b) consider, ever, having

(c) consider, having, ever

(d) having, ever, consider

**उत्तर–(a)**

वाक्य के रिक्त स्थान में क्रमशः ever, consider, having का प्रयोग उचित है। Did you ever consider having a baby?

**127. 'Ouch! The thorn has pierced my heel and it's bleeding,' she said. Choose the correct form of this sentence in reported speech.**

(a) She exclaimed that the thorn had pierced her heel and it was bleeding.

(b) She shouted that her heel was bleeding and the thorn had pierced it.

(c) She anguished that her heel was bleeding after the thorn pierced it.

(d) She cried out saying the thorn had pierced her heel and it was bleeding.

**उत्तर–(d)**

दिया गया वाक्य (Direct speech) Exclamatory Sentence है। Reporting Verb 'said' को 'cried out saying' में बदल देते हैं तथा 'has pierced (Present Perfect) को 'had pierced' (Past Perfect) में परिवर्तित कर देते हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है। She cried out saying the thorn had pierced her heel and it was bleeding.

**128. A ........ of seagulls flew over the ship screeching raucously.**

(a) drove (b) fleet

(c) bunch (d) flock

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Collective Noun 'flock' (झुंड) का प्रयोग उचित है।

**129. Replace the words in italics with the correct synonym. he read out the passage <u>in a dull and unimaginative way.</u>**

(a) emotionally (b) indifferently

(c) characteristically (d) prosaically

**उत्तर–(d)**

वाक्य में <u>मोटे</u> अक्षरों में उल्लिखित 'in a dull and unimaginative way' का तात्पर्य है- prosaically (adverb). शब्द 'prosaically (Adverb) का तात्पर्य है- Having or using the style or diction of prose as opposed to poetry; lacking imaginativeness originality; commonplace or dull; matter-of-fact or unimaginativeness.
अतः विकल्प (d) 'prosaically' (dull, unimaginative) सही उत्तर है।

**130. She was the .......... of all eyes at the party.**

(a) pride (b) limelight

(c) star (d) cynosure

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Noun 'cynosure' (आकर्षण बिंदु) का प्रयोग उचित है।
शब्द 'cynosure' का तात्पर्य है- something that strongly attracts attention by its brilliance, interest, etc. The cynosure of all eyes; something serving for guidance or direction; a person or thing that is the centre of attention or admiration;
**Note :** Late 16th century: from French, or from Latin **cynosure**, from Greek **Kunosura** dog's tail (also Ursa Minor), from **Kuon,** Kun dog + oura tail.
The term originally denoted the constellation Ursa Minor, or the Pole star which it contains, long used as a guide by navigators.

**131. Use the correct antonym of the word in italics. The old woman ate a frugal dinner and went to bed early.**

(a) Parsimonious (b) Light
(c) Succulent (d) Hearty

**उत्तर–(d)**

शब्द 'Frugal' (हल्का, अल्प-पोषणयुक्त भोजन) का विलोमार्थक शब्द 'Hearty' (पोषक भोजन, पोषणयुक्त भोजन) है।

**132. Use the appropriate idiom to complete the expression. You may go home early if you are....... .**

(a) feeling a bit under the weather
(b) hitting the nail on the head
(c) sitting on the fence
(d) adding insult to the injury

**उत्तर–(a)**

वाक्य के रिक्त स्थान में विकल्प (a) में दिया गया 'Idiom' feeling a bit under the weather' का प्रयोग उचित है।
Idioms/Phrases 'feeling a bit under the weather' का तात्पर्य है- somewhat ill or prone to illness; somewhat indisposed; feeling ill; not completely well; slightly unwell.
**Ex.** I have been feeling a bit under the weather this week.

**133. A person who creates maps is known as a:**

(a) Cartographer (b) Planner
(c) Designer (d) Graph maker

**उत्तर–(a)**

मानचित्र अथवा नक्शा (map) बनाने वाला व्यक्ति 'Cartographer' (मानचित्रकार, नक्शानवीस) कहलाता है।

**134. Rearrange the adjectives in the brackets in correct order. They lived in a [old sprawling white house].**

(a) white old sprawling house
(b) old white sprawling house
(c) sprawling old white house
(d) white sprawling old house

**उत्तर–(c)**

कोष्ठक में मोटे अक्षरों में उल्लिखित Adjectives (विशेषण) को क्रम-व्यवस्थापन के संदर्भ में पुनर्व्यवस्थित करने पर शुद्ध क्रम-विन्यास निम्नवत होगा-
They lived in a sprawling old white house.
अत: विकल्प (c) 'sprawling old white house' सही उत्तर है।

**135. Ghaziabad is the ........... city in India.**

(a) fast growing
(b) more fast growing
(c) most fast growing
(d) fastest growing

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'fastest growing' (Superlative degree) का प्रयोग उचित है।

**136. She .... for a walk every morning to the park.**

(a) is going (b) goes
(c) has gone (d) gone

**उत्तर–(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में singular verb 'goes' का प्रयोग उचित है। subject-verb agreement के नियमानुसार, Singular subject के साथ singular verb का प्रयोग किया जाता है। अत: विकल्प (b) 'goes' सही उत्तर है।

**137. They did not want to leave ......... to chance while deciding on the trip.**

(a) something (b) nothing
(c) anything (d) someone

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Pronoun 'anything' का प्रयोग उचित है।

**138. The Plastic surgeon was reputed to do a <u>bangup job</u> of lip enhancements. This sentence could be interpreted to mean:**

(a) the plastic surgeon did a shoddy job of lip enhancements.

(b) the plastic surgeon did an unfinished job of lip enhancements.

(c) the plastic surgeon did an expert job of lip enhancements.

(d) the plastic surgeon messed up the job of lip enhancements.

**उत्तर–(c)**

The above-mentioned sentence could be interpreted to mean:
The plastic surgeon did <u>an expert</u> job of lip enhancements.
So, option (c) is the correct answer.
'Bang-up' का तात्पर्य है- excellent, extraordinary; first rate; very good or excellent.

**139. Keep you friends close and your enemies ......... .**

(a) closer (b) farther

(c) far away (d) closest

**उत्तर–(a)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Noun 'close' की Comparative Degree 'closer' का प्रयोग उचित है।

**140. Choose the correct 'sound' word to describe. The .......... of strange and unfamiliar dialects at the market held my interest.**

(a) racket (b) rumble

(c) clanging (d) babble

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में शब्द 'babble (sound word) का प्रयोग उचित है।

**141. The correct order, if the following group of words are placed in a dictionary, would be:**

(a) exaggerate, exodus, exasperate, excise, exciting

(b) exasperate, exciting, exaggerate, exodus, excise

(c) excise, exaggerate, exodus, exasperate exciting

(d) exaggerate, exasperate, excise, exciting, exodus

**उत्तर–(d)**

उपरोक्त विकल्पों में वर्णित शब्द-समूहों का यदि शब्दकोश (dictionary) के अनुसार क्रम व्यवस्थापन किया जाए, तो शुद्ध क्रम-व्यवस्थापन विकल्प (d) में वर्णित शब्द - समूह होगा-
Exaggerate, Exasperate, Excise, Exciting, Exodus.

**142. Which of the following is correctly spelt?**

(a) perpiscacious (b) perspicacous

(c) perspicacious (d) perspicaecious

**उत्तर–(c)**

वर्तनी विकल्पों में शब्द 'Perspicacious' (सूक्ष्मदर्शी, तीक्ष्ण बुद्धि, जहीन, कुशाग्रबुद्धि) की वर्तनी शुद्ध है।

**143. There are ..... takers for animal fur today, while ......... of the yesteryear stars were proud owners of mink coats.**

(a) few, quite a few (b) quite a few, a few

(c) few, a few (d) a few, few

**उत्तर–(a)**

वाक्य के रिक्त स्थान में क्रमश: 'few' एवं 'quite a few' का प्रयोग उचित है।

**144. Which part of the sentence has errors in it? If one (A)/ has to live in society, (B)/ he must conform (C)/ to its rules. (D)**

(a) A (b) B

(c) C (d) D

**उत्तर–(c)**

वाक्यांश (c) त्रुटिपूर्ण है। यहां Pronoun 'he' के स्थान पर Indefinite Pronoun 'one' का प्रयोग उचित है। नियम है कि यदि वाक्यारंभ में एक बार Indefinite Pronoun 'one' का प्रयोग हो गया, तो यही Pronoun (यानि 'one' अथवा इसका supplementary form 'one's ,oneself) उस वाक्य में अंत तक प्रयोग किया जाएगा। इसके स्थान पर 'he' अथवा 'she' Pronouns का प्रयोग अंग्रेजी व्याकरण के नियम विरुद्ध होगा।

**145. Complete the notice with the right word. Use of cell phones is ............... within the premises.**

(a) Avoided (b) disallowed

(c) prevented (d) suspended

**उत्तर–(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Verb 'disallowed' (निषेध करना, प्रतिकार करना) का प्रयोग उचित है।

**146. Replace the word in italics with the correct word that means the same. The teacher was *vexed* at the students for their unruly behaviour.**

(a) angry (b) worried

(c) confused (d) horrified

**उत्तर–(a)**

मोटे अक्षरों में मुद्रित शब्द 'vexed' (चिढ़ होना, चिढ़ना) का समानार्थक शब्द 'angry' (खफा, रुष्ट, कुपित, क्रुद्ध) है।

**147. "There are more cyclists than pedestrians on the streets of Amsterdam". Choose the sentence which means the same as the above statement.**

(a) Pedestrians outnumber cyclists on the streets of Amsterdam.

(b) Cyclists are not as many in number as pedestrains.

(c) Walking is not as common as cycling is, on the streets of Amsterdam.

(d) Cycling is not as common as walking is, on the streets of Amsterdam.

**उत्तर–(c)**

"There are more cyclists than pedestrians on the streets of Amsterdam." वाक्य विकल्प (c) में वर्णित वाक्य "walking is not as common as cycling is, on the streets of Amsterdam- से अर्थ में समानता रखता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**148. Use the correct question tag to complete the sentence. Suicide is not a solution to life's problems, ...........?**

(a) are they (b) isn't it

(c) is it (d) aren't it

**उत्तर–(c)**

उपरोक्त प्रश्न Question Tag प्रारूप पर आधारित है। इस प्रकार के अंग्रेजी वाक्यों का प्रथम भाग Assertive अथवा Imperative होता है तथा द्वितीय भाग Interrogative होता है। यह दूसरा भाग Question Tag कहलाता है। नियम है कि Affirmative (स्वीकारात्मक) वाक्यों का Question Tag, Negative (नकारात्मक) होता है। यानि Auxiliary Verb + n't + subject + ? तथा Negative Sentences का Question Tag Affirmative (स्वीकारात्मक) होता है अर्थात Auxiliary Verb + Subject + ? का प्रयोग किया जाता है। अतः रिक्त स्थान में 'is it' का प्रयोग उचित है।

**Ex.** This novel is not interesting, <u>is it?</u>

**149. Rearrange the words/phrases to make a meaningful sentence. for entertainment (A)/consider malls (B)/ living in cities (C)/ people (D)/a one-stop place (E)/ to be (F).**

(a) D/C/E/F/A/B

(b) D/C/B/F/E/A

(c) A/F/C/E/B/D

(d) B/F/E/A/D/C

**उत्तर–(b)**

दिए गए अव्यवस्थित वाक्य का एक अर्थपूर्ण वाक्य के रूप में क्रम-व्यवस्थापन करने पर विकल्प (b) में उद्धृत क्रम-व्यवस्थापन शृंखला प्राप्त होगी- D / C / B / F / E / A

अतः अर्थपूर्ण वाक्य होगा-

<u>People living in cities consider malls to be a one-stop place for entertainment</u> = D C B F E A

**150. He told the crowd, "My performance will continue tomorrow at the same time." In reported speech, this sentence would read as:**

(a) He cautioned the crowd that my performance will continue the next day.

(b) He announced that my performance would continue the next day.

(c) He informed the crowd that his performance would continue the next day at the same time.

(d) The crowd was informed that he would continue his performance the next day.

**उत्तर–(c)**

दिया गया वाक्य (Direct speech) Assertive में है। नियमतः Reported Speech के First person के Pronoun (यहां 'my') को Reporting verb के subject (यहां 'He' ) के अनुसार परिवर्तित करते हुए (यानि 'My' को 'his' में बदलते हैं) निकटता-सूचक शब्दों (यहां tomorrow) को दूरी सूचक शब्दों (यहां 'the next day') में बदलते हैं। 'will' को 'would' में परिवर्तित करते हैं। अतः विकल्प (c) में वर्णित वाक्य शुद्ध Indirect speech है।

He informed the crowd that <u>his</u> performance <u>would</u> continue <u>the next day</u> at the same time.

**151. A mix of decayed wood, leaves and manure is known as ............**

(a) Compose (b) Composed

(c) Composite (d) Compost

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में शब्द 'compost' (मिश्रित खाद, वानस्पतिक खाद, कूड़े की खाद) का प्रयोग उचित है।
शब्द 'compost' का तात्पर्य है- 'a mixture of various decaying organic substances, as dead leaves or manure, use for fertilizing soil; decayed organic material used as a fertilizer for growing plants.

**152. Replace the word in italics with the one similar in meaning to it. The <u>future</u> of the company seemed bright.**

(a) horizon (b) prospects
(c) prospective (d) potency

**उत्तर–(b)**

वाक्य के रेखांकित अंश 'future' का तात्पर्य है 'prospects' अर्थात 'the outlook for the future; यानि 'आशा; संभावना; अपेक्षा'। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया गया है।

**153. He .......... goodbye to his friends before leaving.**

(a) was bidding (b) bidding
(c) bid (d) bode

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Verb 'bid' (अभिवादन करना, आज्ञा देना) का प्रयोग उचित है।

**154. What does the phrase 'knew no bounds' mean?**

(a) was bounded by (b) was limitless
(c) was limited (d) was bound to

**उत्तर–(b)**

उपरोक्त वर्णित Phrase 'knew no bounds' का तात्पर्य है- 'was limitless; to have no limits; it is extreme; to not limit something; or to not be limited; boundless; यानि 'की कोई सीमा नहीं होना'।

**155. The boy was taken by his father to a monastery. In the active voice, this sentence would be:**

(a) The father took the boy to a monastery.
(b) The father and the boy went to a monastery.
(c) A monastery was visited by the boy and his father.
(d) The boy went to a monastery with his father.

**उत्तर–(a)**

दिया गया वाक्य (Passive voice) Past Indefinite Tense में है। इसकी Active Voice संरचना निम्नवत है-
Sub + $V^2$ + other words
अत: विकल्प (a) सही उत्तर है-
The father <u>took</u> the boy to a monastery.

**156. Find a synonym for the word in italics in the sentence. He enjoyed meeting his old friends. <u>*However,*</u> he realized that his life at the monastery had changed him considerably.**

(a) although (b) even though
(c) nonetheless (d) contrarily

**उत्तर–(c)**

वाक्य में वर्णित शब्द 'However' (यद्यपि, तो भी) का समानार्थक शब्द 'Nonetheless' (के बावजूद तब भी) है।

**157. Which word means the opposite of 'adamant'?**

(a) inflexible (b) firm
(c) amenable (d) Irresolute

**उत्तर–(c)**

शब्द 'Adamant' (हठी, जिद्दी) का विलोमार्थक शब्द 'Amenable' (विनम्र, सहज, प्रतिसंवेदी) है।

Read the given passage and answer the questions based on it.

The growing trend of consumerism in today's world can be seen in the number of people who visit malls on an almost weekly basis to buy stuff that they mostly do not need. People in cities, especially, seem to be spending more than they earn. And the endless online shopping portals have only added to the excesses of buying mindlessly. Clothes, jewellery, shoes, appliances, large and small, are all available at your fingertips. Has anyone ever seriously given a thought to the question of 'where is this all going to take us'? Isn't it time we try to bring back the culture of 'simple living, high thinking' intead of forever hankering for bigger houses, faster cars, more clothes and bigger TVs?

**158. Find the word that can substitute <u>*trend.*</u>**

(a) tendency (b) aptitude
(c) attitude (d) unrest

**उत्तर–(a)**

लेखांश में उद्धृत शब्द 'trend' (प्रचलन, प्रवृत्ति, झुकाव, दौर) का तात्पर्य 'tendency' (झुकाव, प्रवृत्ति, रुझान) है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।

**159. What does the phrase 'buying mindlessly' mean?**

(a) buying after careful thinking

(b) buying unthinkingly

(c) buying cautiously

(d) buying indifferently

**उत्तर–(b)**

लेखांश पठन के उपरांत ज्ञात होता है कि लेखांश में प्रयुक्त phrase 'buying mindlessly' का तात्पर्य है- 'आंख मूंदकर खरीदना'। लेखांश में चर्चा की गई है कि लोग ऐसे सामानों (stuff) की खरीददारी भी कर लेते हैं जिसकी आवश्यकता उन्हें नहीं होती है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**160. What does the slogan 'simple living, high thinking' denote?**

(a) Not giving much importance to material goods

(b) Giving more importance to mental and emotional growth

(c) Giving importance to riches and luxury

(d) Not giving much importance to material goods, and giving more importance to mental and emotional growth.

**उत्तर–(d)**

लेखांश की अंतिम तीन पंक्तियों द्वारा आदर्श-वाक्य (slogan) 'simple living (सादा जीवन), 'high thinking' (उच्च विचार) की चर्चा की गई है- जिसका तात्पर्य है- 'भौतिक सुख सुविधाओं की वस्तुओं को अधिक महत्व देने के बजाय इसके मानसिक (mental) एवं भावप्रधान (emotional) संवेदनाओं को अधिक महत्व देना'। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**161. What do the words 'available at your fingertips' mean?**

(a) You can feel the goods with your hands before buying.

(b) You can get it by merely using your fingertips to order it on your phone.

(c) You can see them at the store and buy them immediately.

(d) You can read about its quality on the Internet.

**उत्तर–(b)**

लेखांश में प्रयुक्त 'available at you fingertips' का तात्पर्य है- 'you can get it by merely using your fingertips to order it on your phone.

**162. Which among the words below is NOT a synonym of 'hankering'?**

(a) Pining

(b) Opining

(c) Craving

(d) Yearning

**उत्तर–(b)**

लेखांश के अंत में वर्णित शब्द 'Hankering' का तात्पर्य है- 'तीव्र इच्छा, उत्कंठा, ललक, जबकि शब्द 'opining' का तात्पर्य है- विचारना, सोचना, समझना।
अतः यह शब्द 'Hankering' का समानार्थक नहीं है। अन्य शब्दों का तात्पर्य है-
Pine-or pining – लालायित होना, अति इच्छुक होना
Craving – लालसा, ललक, उत्कट इच्छा
Yearning – उत्कंठा, ललक, इच्छा, तड़प

**163. What does <u>Garrulous</u> mean?**

(a) Boring (b) Retarded

(c) Talkative (d) Curious

**उत्तर–(c)**

शब्द 'Garrulous' (गप्पी, बकवादी, बक्की, बातूनी) का समानार्थक शब्द 'Talkative' (बातूनी, बकवादी, आलापप्रिय) है।

**164. There are no sparrows chirping ............ the cities anymore. All .......... either died or flown far away as they had no space in ........ growing concrete jungle. The cunning pigeons have become .......... menace.**

(a) at, are, a, the

(b) in, have, the, a

(c) in, have, a, the

(d) by, are, a, the

**उत्तर–(b)**

वाक्य के रिक्त स्थानों में क्रमशः in, have, the, a का प्रयोग उचित है। अतः अर्थपूर्ण वाक्य होगा -
There are no sparrows chirping ***in*** the cities anymore. All ***have*** either died or flown far away as they had no space in ***the*** growing concrete jungle. The cunning pigeons have become ***a*** menace.

**165. The hospital was too ......... from the scene of the accident to save the victim's life.**

(a) farther away

(b) further ahead

(c) far apart

(d) far

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'far' का प्रयोग उचित है।
<u>'Too'</u> implies a negative result.

**166. Combine these two sentences into one simple sentence keeping the meaning intact.**

***She wrote the exam. She left the hall.***

(a) She left the hall after writing the exam.

(b) She was writing the exam when she left the hall.

(c) She wrote the exam on leaving the hall.

(d) She was leaving the hall when she wrote the exam.

**उत्तर–(a)**

जब दो या दो से अधिक Simple sentences (साधारण वाक्यों) को जोड़कर एक Simple sentence बनाना होता है तो उनमें से केवल एक वाक्य की Finite verb प्रयोग करते हैं तथा अन्य वाक्यों के verbs को participles के रूप में बदल देते हैं।
यहां Verb की Gerundial Form का प्रयोग उपयुक्त है।

**167. Use the correct simile. Her grandmother did not hear the noise. She was as deaf as ............ .**

(a) a stone (b) a door

(c) a post (d) a comb

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'a post' का प्रयोग उचित है।
'deaf as a post' का तात्पर्य है- <u>'deaf as an adder'.</u> Unable to hear or to listen, as in speak louder. Grandpa's <u>deaf as a post.</u>
The first simile has its origin in <u>John Palsgrave's Acolastus</u> (1540): "How deaf an ear I intended to give him...... he were as good as to tell his tale to a post". It has largely replaced <u>deaf as an adder</u>, alluding to an ancient belief that adders cannot hear; it is recorded in the Bible.

**168. ........ a national holiday tomorrow.**

(a) Its (b) It's

(c) There's (d) Will be

**उत्तर–(b)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'It's का प्रयोग उचित है।

**169. Choose the correct passive form of this sentence. Close the door and put out the lights.**

(a) You close the door and put out the lights.

(b) Let the door be closed and put out the lights.

(c) Let the door be closed and the lights put out.

(d) The door must be closed and the lights must be put out.

**उत्तर–(c)**

दिया गया वाक्य (Active Voice) Imperative sentence है। इससे Order अथवा Command का बोध हो रहा है। इसकी Passive voice संरचना निम्नवत है-
Let + Sub + be + $V^3$ + Other words
अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।
Let the door be closed and the lights put out.

**170. Life has been hectic ........... I joined the army.**

(a) ever after (b) thereafter

(c) when (d) ever since

**उत्तर–(d)**

वाक्य के रिक्त स्थान में 'ever since' का प्रयोग उचित है। यह एक Adverbial phrase है।

**171. A bunch of keys ....... found hanging from a nail on the wall.**

(a) are (b) were

(c) was (d) have

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में singular verb 'was' का प्रयोग उचित है। कुछ वक्यों की संरचना निम्नवत होती है-
Singular collective Noun + of + Plural Noun
जैसे -
<u>A team</u> of students.
<u>A set</u> of books.

ऐसे वाक्यों में Singular verb का प्रयोग किया जाता है क्योंकि 'of' के पहले Collective Noun के प्रयोग से इन वस्तुओं के एक समुदाय (collection) का बोध होता है और यह collection एकता (unity) का अर्थ सूचित करता है। ये Plural nouns एक सूत्र में बंधकर केवल एक ही वस्तु का बोध कराते हैं। जिन Plural Nouns से अनेकता (Diversity) का अर्थ झलकता है, वे Collective Noun के द्वारा एकता (Unity) प्राप्त कर लेते हैं। इसी एकता का अर्थ सूचित करने के लिए तो Plural nouns को 'of' से जोड़कर एक बना दिया जाता है। यही कारण है कि Subject को singular मानकर singular subject का प्रयोग किया जाता है इसलिए यदि 'of' के पूर्व a set, a series, a team, a bunch, a band, a bevy, a herd, a flock, a group, a class इत्यादि Singular Collective Nouns आएं तो इनके साथ Singular verbs का प्रयोग किया जाता है; जैसे
A bunch of keys is lying there.

**172. An elaborate hairdo is known as a:**

(a) Perm (b) Coiffure
(c) Braid (d) Tresses

**उत्तर–(b)**

विस्तृत केशविन्यास (hairdo) की शैली (style) 'coiffure' (बाल बनाने का प्रकार, केशविन्यास) कहलाता है।
'Coiffure' is a fancy french word for hairdo. If you spend a lot of time working on your coiffure, you spend a lot of time in front of the mirror fixing your hair.
The word 'coiffure' originally meant hairstylist, now it means the style. The word implies an elaborate style, not just a regular haircut. A bechive hairdo, for instance, would be rightly called a coiffure. The word can be shortened to 'coif'.

**173. ................ defendant was made to take ...... oath on ....... Bible that he would speak only ....... truth and nothing but ....... truth.**

(a) a, the, a, the, a
(b) a, the, the, the, the
(c) the, an, the, the, the
(d) the, the, the, the, the

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थानों में क्रमशः the, an, the, the, the का प्रयोग वाक्य को अर्थपूर्ण बनाता है। अतः शुद्ध एवं अर्थपूर्ण वाक्य होगा-
***The*** defendant was made to take ***an*** oath on ***the*** Bible that he would speak only ***the*** truth and nothing but ***the*** truth.

**174. The parents of the girl did not ..... to her request.**

(a) secede (b) precede
(c) accede (d) desist

**उत्तर–(c)**

वाक्य के रिक्त स्थान में Verb 'accede' (मान लेना, सहमत होना) का प्रयोग उचित है।
Verb 'accede' का तात्पर्य है- 'to express approval or give consent, to agree to a request or demand.

**175. Join the two sentence using the correct relative pronoun. I write with a black fountain pen. It belonged to my grandfather.**

(a) My black fountain pen belonged to my grandfather.
(b) I write with a fountain pen that belonged to my grandfather and is black.
(c) I write with a black fountain pen that belonged to my grandfather.
(d) I write with the black fountain pen belonging to my grandfather.

**उत्तर–(c)**

Relative or conjunctive Pronoun 'that' का प्रयोग प्राय; निर्जीव वस्तुओं के लिए किया जाता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।
I write with a black fountain pen that belonged to my grandfather.

**176. MS-Office का कौन-सा अवयव स्पष्टतया Notepad जैसा होता है?**

(a) MS-Powerpoint (b) MS-Word
(c) MS-Excel (d) MS-Access

**उत्तर–(b)**

नोटपैड, वर्डपैड के समतुल्य होता है। जबकि 'वर्डपैड' माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के लगभग सभी संस्करणों में उपलब्ध एक शब्द संसाधक (Word processor) है। इसी प्रकार MS-Word भी माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक लोकप्रिय शब्द संसाधक है।

**177. निम्न में से कौन-सा विकल्प डॉक्यूमेंट में किए बदलावों को एक नई फाइल के रूप में सेव करता है?**

(a) प्रिंट प्रीव्यू (b) प्रिंट
(c) सेव (d) सेव ऐज़ (Save As)

**उत्तर–(d)**

सेव ऐज' (Save As) कमांड डॉक्यूमेंट में किए गए बदलावों को एक नई फाइल के रूप में सेव करता है। जबकि 'प्रिंट प्रीव्यू' कमांड प्रिंट करने से पूर्व डॉक्यूमेंट की एक झलक दिखलाता है। 'प्रिंट' कमांड दस्तावेज को प्रिंट करने हेतु तथा 'सेव' कमांड पहले से मौजूद किसी फाइल के संशोधनों को सेव करने के लिए प्रयुक्त होता है।

**178. कॉपी और पेस्ट ऑपरेशन के माध्यम से डॉक्यूमेंट या एप्लीकेशन के बीच में डेटा ट्रांसफर करने के लिए निम्न में से किस का उपयोग किया जाता है?**

(a) पैराग्राफ (b) क्लिपबोर्ड
(c) टेबल (d) स्मार्टआर्ट

**उत्तर–(b)**

कॉपी और पेस्ट ऑपरेशन के माध्यम से डॉक्यूमेंट या एप्लीकेशन के बीच में डेटा ट्रांसफर करने के लिए क्लिपबोर्ड का उपयोग किया जाता है।

**179. मुख्य रूप से एकाउंटिंग उद्देश्यों के लिए MS-Office के किस अवयव का उपयोग किया जाता है?**

(a) MS-Word (b) MS-Visio
(c) MS-Excel (d) MS-Acces

**उत्तर–(c)**

दिए गए विकल्पों में MS-Excel का उपयोग एकाउंटिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता है। जबकि MS-Word एक शब्द संसाधक है। MS-Visio एक डायग्रामिंग एवं वेक्टर ग्रॉफिक्स एप्लीकेशन है। माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस एक डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली है।

**180. एक सुनिश्चित सेल एड्रेस (Absolute cell address) में पंक्ति नंबर और कॉलम लेबल से पहले ...... संकेत होता है।**

(a) # (b) $
(c) % (d) &

**उत्तर–(b)**

एक सुनिश्चित सेल एड्रेस (Absolute cell address) में पंक्ति नंबर और कॉलम लेबल से पहले $ संकेत होता है।

**181. पहली पंक्ति और सत्ताईसवें कॉलम के इंटरसेक्शन पर सेल का एड्रेस क्या होगा?**

(a) AA (b) 1AA
(c) A1A (d) AA1

**उत्तर–(d)**

पहली पंक्ति और सत्ताईसवें कॉलम के इंटरसेक्शन पर सेल का एड्रेस AA1 होगा। सत्ताईसवां कॉलम AA होगा। एक्सेल पर लक्षित समूह तक पहुंच बनाने के लिए Ctrl + G कमांड का प्रयोग होता है।

**182. एक्सेल एक्सप्रेशन = 64/8/2 का मान है-**

(a) 4 (b) 8
(c) 16 (d) 32

**उत्तर–(a)**

एक्सेल एक्सप्रेशन = 64/8/2 का मान 4 होगा। यह एक SUM फंक्शन होगा।

**183. एक पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन ........ का कलेक्शन है जिसका उपयोग मौखिक प्रेजेंटेशन के लिए किया जा सकता है।**

(a) डॉक्यूमेंट्स (b) स्लाइड्स
(c) वर्कशीट्स (d) ग्रॉफ़िक्स

**उत्तर–(b)**

एक पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन स्लाइड्स का कलेक्शन है जिसका उपयोग मौखिक प्रेजेंटेशन के लिए किया जा सकता है। पॉवर प्वॉइंट का प्रथम संस्करण वर्ष 1990 में आया था। यह विंडोज एवं एप्पल के मैक ऑपरेटिंग सिस्टम पर कार्य कर सकता है।

**184. निम्न में से कौन-सा व्यू सबसे अच्छा होता है, जब आप अपनी स्लाइड्स को डिलीट, कॉपी, पेस्ट या मूव करना चाहते हैं?**

(a) स्लाइड सॉर्टर
(b) नोट्स पेज
(c) स्लाईड शो
(d) सामान्य (नॉर्मल)

**उत्तर–(a)**

पॉवर प्वॉइंट में स्लाइड्स को डिलीट, कॉपी, पेस्ट या मूव करवाने के लिए स्लाइड सॉर्टर व्यू सबसे अच्छा होता है। स्लाइड सॉर्टर के अलावा पॉवर प्वॉइंट में चार अन्य व्यूस (views) हैं - नॉर्मल, नोट्स पेज (Notes Page), प्रेजेंटर व्यूह (views) एवं स्लाइड व्यूह होता है।

**185. वीडियो चैट या वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपयोग होने वाले छोटा डिजिटल कैमरा निम्न में से कौन-सा है?**

(a) जॉयस्टिक (b) लाइट पेन
(c) वेब कैमरा (d) MICR

**उत्तर–(c)**

वीडियो चैट या वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपयोग होने वाला छोटा डिजिटल कैमरा वेब कैमरा होता है।

**186. Class-C IP एड्रेस, नेटवर्क आईडी के लिए ……… बिट्स और होस्ट आईडी के लिए …. बिट्स उपयोग करता है।**

(a) 8, 24 (b) 24, 8
(c) 16, 16 (d) 16, 8

**उत्तर–(b)**

Class-C IP एड्रेस, नेटवर्क आईडी के लिए 24 बिट्स और होस्ट आईडी के लिए 8 बिट्स उपयोग करता है। जबकि Class-A एवं Class-B के संदर्भ में यह सीमा क्रमशः 8, 24 एवं 16, 16 होती है।

**187. निम्न में से कौन-सी डिवाइस हस्तलिखित हस्ताक्षरों को दर्ज करने के लिए इस्तेमाल की जा सकती है?**

(a) ग्रॉफ़िक्स टेबलेट (b) प्लॉटर
(c) जॉयस्टिक (d) माउस

**उत्तर–(A)**

ग्रॉफ़िक्स टेबलेट जिसे डिजिटाइजर या ड्राइंग टैबलेट या पेन टैबलेट या डिजिटल आर्ट बोर्ड के नाम से भी जाना जाता है, एक इनपुट युक्ति (Input device) है। इसको हस्तलिखित हस्ताक्षरों को दर्ज करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**188. निम्न में से कौन-सी सेलफोन तकनीक कम से कम 100 मेगाबिट प्रति सेकंड और 1 गीगाबिट प्रति सेकंड ट्रांसमिशन तक रेट प्रदान करती है?**

(a) 1G (b) 2G
(c) 3G (d) 4G

**उत्तर–(d)**

4G, चौथी पीढ़ी (fourth generation) का संक्षिप्त रूप है, जो मोबाइल फोन वायरलेस सेवा की चौथी पीढ़ी है। यह सेलफोन तकनीक कम से कम 100 मेगाबिट प्रति सेकंड और 1 गीगाबिट प्रति सेकंड ट्रांसमिशन तक रेट प्रदान करती है। 4G पूरी तरह से आईपी आधारित सेवा है।

**189. निम्न में से कौन से गुण कंप्यूटर के स्थिति के अनुरूप लचीले व्यवहार को दर्शाते हैं?**

(a) सटीकता (b) विश्वसनीयता
(c) बहु कौशल (वर्सटिलटी) (d) अविराम (डिलिजेंस)

**उत्तर–(c)**

बहु कौशल (वर्सटिलटी) अर्थात् कंप्यूटर से विविध कार्यों को संपादित करने की क्षमता, यह गुण कंप्यूटर के लचीले व्यवहार को दर्शाता है। इसके अलावा सटीकता, विश्वसनीयता एवं अविराम (Diligence) एवं उच्च गति इत्यादि कंप्यूटर के कुछ अन्य महत्वपूर्ण गुण हैं।

**190. निम्न में से किसे UV रोशनी में रखकर मिटाया जा सकता है?**

(a) ROM (b) PROM
(c) EPROM (d) EEPROM

**उत्तर–(c)**

EPROM एक प्राथमिक मेमोरी है। ई-प्रॉम पर पराबैंगनी प्रकाश (UV Lights) की सहायता से पुराने प्रोग्राम को हटाकर नया प्रोग्राम लिखा जा सकता है। इसके लिए ई-प्रॉम को सर्किट से निकालना पड़ता है। इस गुण के कारण ही यह अल्ट्रावॉयलेट ई-प्रोम भी कहलाता है।

**191. निम्न में से कौन-सा नंबर बाइनरी संख्या नहीं है?**

(a) 1010 (b) 1002
(c) 0000 (d) 1111

**उत्तर–(b)**

1002 एक बाइनरी संख्या नहीं है। जबकि 1010, 0000 एवं 1111 बाइनरी संख्याएं हैं जिनके दाशमिक (Decimal) मूल्य क्रमशः 10, 0 एवं 15 हैं।

**192. एक टेराबाइट किसके बराबर होता है?**

(a) $2^{20}$ मेगाबाइट (b) $2^{20}$ किलोबाइट
(c) $2^{20}$ गीगाबाइट (d) $2^{20}$ बाइट

**उत्तर–(a)**

एक टेराबाइट 1048576 मेगाबाइट्स के बराबर होता है। यह इसका बाइनरी मूल्य कहलाता है। जबकि इसका द्विआधारी मूल्य $2^{20}$ मेगाबाइट होता है अर्थात् 1 TB = $2^{20}$ MB।

**193. निम्न में से कौन कंप्यूटर के किसी एक घटक से दूसरे घटक तक विभिन्न कमांड या कंट्रोल सिग्नल प्रसारित करता है?**

(a) डेटा बस
(b) एड्रेस बस
(c) डेटा बस और एड्रेस बस दोनों
(d) कंट्रोल बस

**उत्तर–(d)**

कंट्रोल बस कंप्यूटर के किसी एक घटक से दूसरे घटक तक विभिन्न कमांड या कंट्रोल सिग्नल प्रसारित करता है। जबकि डाटा बस विभिन्न घटकों के बीच डाटा ट्रांसफर करने के लिए प्रयुक्त होता है। एड्रेस बस एक यूनिडायरेक्शनल (unidirectional) बस होता है।

**194. दोनों ......... और ........ गेट्स यूनिवर्सल गेट्स हैं।**

(a) AND, NAND (b) NAND, NOR

(c) OR, NOR (d) XOR और XNOR

**उत्तर–(b)**

NAND और NOR गेट्स या लॉजिक गेट्स यूनिवर्सल गेट्स कहलाते हैं। गेट्स इलेक्ट्रॉनिक सर्किट्स के स्विच्स (Switches) के रूप में प्रयुक्त होते हैं। NAND और NOR के अलावा 5 अन्य लॉजिक गेट्स होते हैं - NOT, AND, OR, XOR एवं XNOR। NAND और NOR गेट्स को यूनिवर्सल गेट्स इसलिए कहते हैं क्योंकि अन्य सभी गेट्स इनके (NAND और NOR) द्वारा सृजित किए जा सकते हैं।

**195. निम्न में से किस मेमोरी की सबसे अधिक डेटा एक्सेस स्पीड होती है?**

(a) RAM (b) कैशे मेमोरी

(c) फ्लैश मेमोरी (d) DVD

**उत्तर–(b)**

दिए गए विकल्पों में सबसे अधिक डेटा एक्सेस स्पीड कैशे मेमोरी की होती है। जबकि सर्वाधिक डेटा एक्सेस स्पीड प्रोसेसर रजिस्टर की होती है।

**196. निम्न में से माउस की कौन-सी श्रेणी माउस की मूवमेंट का पता लगाने के लिए लेज़र का उपयोग करती है?**

(a) मैकेनिकल माउस

(b) ऑप्टोमैकेनिकल माउस

(c) दोनों मैकेनिकल माउस और ऑप्टोमैकेनिकल माउस

(d) ऑप्टिकल माउस

**उत्तर–(d)**

ऑप्टिकल माउस, माउस की मूवमेंट का पता लगाने के लिए लेजर का उपयोग करती है। ऑप्टिकल माउस को लेजर माउस भी कहते हैं।

**197. निम्न में से क्या एक हार्डवेयर यूनिट नहीं है?**

(a) MICR (b) लाइट पेन

(c) ऑपरेटिंग सिस्टम (d) बारकोड रीडर

**उत्तर–(c)**

दिए गए विकल्पों में ऑपरेटिंग सिस्टम एक हार्डवेयर यूनिट नहीं है। ऑपरेटिंग सिस्टम या प्रचालन तंत्र कंप्यूटर से जुड़े कई मौलिक कार्यों को संभालता है, जैसे- की-बोर्ड से इनपुट लेना, डिस्प्ले स्क्रीन को आउटपुट भेजना, डाइरेक्टरी और संगणक संचिका को डिस्क में ट्रेक करना इत्यादि।

**198. निम्न में से कौन-सा प्रिंटर सामान्यतः काफी शोर करता है?**

(a) डॉट-मैट्रिक्स प्रिंटर (b) लेज़र प्रिंटर

(c) इंकजेट प्रिंटर (d) नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटर

**उत्तर–(a)**

प्रिंटर दो प्रकार के होते हैं - इम्पैक्ट एवं नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटर। इम्पैक्ट प्रिंटर में डॉट मैट्रिक्स, बैंड प्रिंटर्स एवं चेन प्रिंटर्स शामिल होते हैं। ये प्रिंटर्स काफी शोर करते हैं। जबकि इंकजेट प्रिंटर, लेजर प्रिंटर एवं थर्मल प्रिंटर नॉन-इम्पैक्ट प्रिंटर की श्रेणी में आते हैं, जो शोर नहीं करते हैं।

**199. कंप्यूटर को चलाने के लिए मूलभूत आवश्यकता क्या है?**

(a) इंटरनेट (b) उपयोगिता सॉफ्टवेयर

(c) ऑपरेटिंग सिस्टम (d) एंटीवायरस

**उत्तर–(c)**

कंप्यूटर को चलाने के लिए मूलभूत आवश्यकता प्रचालन तंत्र या ऑपरेटिंग की होती है।

**200. Unix is a ......... ऑपरेटिंग सिस्टम है और Windows 2007 ......... ऑपरेटिंग सिस्टम हैं।**

(a) एकल उपयोगकर्ता, बहु उपयोगकर्ता

(b) बहु उपयोगकर्ता, एकल उपयोगकर्ता

(c) मल्टी-टॉस्किंग, बहु उपयोगकर्ता

(d) बहु उपयोगकर्ता, मल्टीप्रोसस्सिंग

**उत्तर–(b)**

यूनिक्स (UNIX) एक बहु उपयोगकर्ता (multiuser) ऑपरेटिंग सिस्टम है जबकि Windows 2007 एकल उपयोगकर्ता (single -user) ऑपरेटिंग सिस्टम है। सिंगल यूजर सिस्टम किसी समय, एक कंप्यूटर पर केवल एक प्रयोक्ता को प्रयोग की इजाजत देता है। जबकि मल्टीयूजर ऑपरेटिंग सिस्टम किसी समय, एक कंप्यूटर पर दो या दो से अधिक प्रयोक्ताओं के कार्य करने की क्षमता से युक्त होता है।